हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जंतर मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन से एक दिन पहले दिल्ली में 37 पॉइंट पर कड़ी नाकेबंदी

आम आदमी व यात्रियों का सवाल

हमारा क्या कसूर?

- स्कूल-कॉलेज भी बंद, ऑनलाइन क्लास व टेस्ट चलेंगे
- मसजिदों से मुनादी- कोई भी जंतर मंतर पर न जाए
- रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर यात्रियों पर निगरानी
- दिल्ली से लगते आसपास के राज्यों के बॉर्डर सील
- लगभग 23 हजार से ज्यादा पुलिसवाले तैनात
- जंतर मंतर पर जाना प्रतिबंधित किया गया



मैदान में आराम करती पैरामिलिट्री फोर्स

दिल्ली 'सील'

इंटरनेट बंद और 66 ट्रेनें रद्द

बॉर्डर पर सीमेंटेड बैरिकेडिंग

57 मेट्रो स्टेशन बंद, कनॉट प्लेस में दुकानें-रेस्तरां भी बंद

जनपथ-कर्तव्य पथ चौराहे के आसपास 4 किलोमीटर के दायरे में 9 अक्टूबर रात 10 बजे से 10 अक्टूबर रात 10 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रखने का आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के विरोध में 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। राजधानी को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी सीमेंटेड बैरिकेड लगाए जा रहे हैं, जबकि गाजियाबाद और फरीदाबाद की सीमाओं पर भी पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। प्रदर्शन से पहले 57 मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, 66 ट्रेनों को रद्द करने और नई दिल्ली के चार किलोमीटर के दायरे में इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश राजस्थान और अन्य राज्यों से दिल्ली आने वाली कई प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। मुंबई से आने वाली दो राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों को पांच घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

सीजेपी के प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट की सरकार को सलाह

'मक्खी' मारने के लिए 'हथौड़ा' न उठाएं

मेट्रो स्टेशन बंद करने और रेल सेवाएं रोकने पर जताई आपत्ति, कहा- प्रतिबंध जरूरत के मुताबिक हों, आम लोगों को परेशानी न हो

दिल्ली में लगाए गए प्रतिबंधों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को पुनर्विचार करने की सलाह दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, जिनसे आम लोगों को अनावश्यक परेशानी हो। अदालत ने टिप्पणी की कि 'मक्खी मारने के लिए हथौड़ा' नहीं उठाना चाहिए। शुक्रवार को वरिष्ठ वकीलों के एक समूह की याचिका में प्रतिबंध का मुद्दा उठाया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के सुझाव पर सहमति जताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि शनिवार को परिस्थितियां कैसी होंगी, इसकी जानकारी नहीं होने के कारण वह किसी विशेष कदम का आश्वासन नहीं दे सकते।

शान-ए-भोपाल, महाकौशल और संपर्क क्रांति भी प्रभावित

भोपाल-जबलपुर से दिल्ली जाने वाली आधा दर्जन ट्रेनें निरस्त

भोपाल। दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों को अचानक ट्रेनों के निरस्त होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। भोपाल और जबलपुर से दिल्ली के लिए चलने वाली प्रमुख ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों की यात्रा योजनाएं बिगड़ गईं। निरस्त होने वाली ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शामिल हैं। वहीं, रैक की अनुपलब्धता के कारण हजरत निजामुद्दीन से आने वाली भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर को भी निरस्त रहेगी।

सीजेपी के 16 कार्यकर्ताओं को गोवा एक्सप्रेस से उतारा, रिसॉर्ट में भेजा

इटारसी। दिल्ली में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले इटारसी रेलवे स्टेशन पर कॉन्करॉच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतार लिया गया। गुरुवार शाम गोवा एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे कार्यकर्ताओं को इटारसी में रोक लिया गया। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बनी। सीजेपी के मुताबिक, उनके 16 कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतारा गया था, जिनमें युवक और युवतियां शामिल थीं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना स्पष्ट कारण बताए ट्रेन से उतारा गया और उनकी दिल्ली यात्रा रोक दी गई। महाराष्ट्र की एक युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने और कपड़े खींचने का आरोप लगाया।





राष्ट्रपति से चर्चा करते हुए

राष्ट्रपति से मिला इंडिया ब्लॉक का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन भी सौंपा

ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने व वोट चोरी की जांच की मांग



मार्च के दौरान राहुल व इंडिया ब्लॉक के नेता

खरगे बोले- ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर से कराओ चुनाव

विजय चौक पर पुलिस ने रोका मार्च, प्रियंका गांधी की सुरक्षाकर्मियों से बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर जारी राजनीतिक टकराव के बीच इंडिया ब्लॉक के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार रात 8 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कथित वोट चोरी, चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी अपनी चिंताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाए बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की। विपक्षी नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग भी उठाई।प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर आदि शामिल है।

विजय चौक पर सड़क पर बैठे सांसद

राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले इंडिया ब्लॉक के सांसद संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में एकत्र हुए। यहां करीब 30 मिनट तक बैठक चली, जिसमें कथित वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन आगे बढ़ाने और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के बाद विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से राष्ट्रपति भवन की ओर 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकाला। विजय चौक पर पहले से तैनात पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। मार्च के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की सुरक्षाकर्मियों से बहस होने की जानकारी सामने आई।

केन-बेतवा परियोजना पर हाईकोर्ट सख्त

पूछा-सीईसी की रिपोर्ट पर सरकार ने क्या किया?



पन्ना टाइगर रिजर्व का आधे से ज्यादा हिस्सा डूबने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने रिपोर्ट में बताई गई कथित अनियमितताओं, सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही और उसके आधार पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने गुरुवार को जबलपुर के अधिवक्ता अरिहंत तिवारी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक

लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS# pine labs#

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; Aanmol Honda - 7566858687; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 9644544611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murti Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Maugan) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Laigaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404O5; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

उपचुनाव में भी भाजपा ने मारी बाजी

नंदीग्राम में 1.22 लाख के भारी अंतर से जीती, सुवेंदु का 2016 का रिकॉर्ड भी टूट गया, कांग्रेस और टीएमसी की जमानत जब्त

कई राज्यों में अभी चुनाव परिणाम जारी नहीं किए गए, वहां पर मतगणना चल रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए नंदीग्राम और रजीनगर में ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। नंदीग्राम में भाजपा ने 1.22 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की है। इसने फाल्टा के 1.09 लाख वोटों के अंतर और सुवेंदु अधिकारी के 2016 के लगभग 82,000 वोटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। रेजीनगर में भी भाजपा ने 72,710 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से शानदार जीत दर्ज की है। इस सीट पर हुमायूं कबीर के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की टीएमसी के उम्मीदवार रबीउल तीसरे स्थान पर खिसक गए और कांग्रेस से भी पीछे रह गए। 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की उपचुनाव वाली सीटों पर मतगणना चल रही है।



यहां पर हुए थे उपचुनाव

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में इसी साल विधानसभा चुनाव हुए थे। तमिलनाडु में 2 विधायकों के पार्टी बदलने और इस्तीफा देने से 2 सीटें खाली हुईं। वहीं, पुडुचेरी में सीएम एन. रंगासामी के 2 सीटों पर जीत के बाद एक सीट छोड़ने से उपचुनाव हुआ। इसके अलावा, बंगाल में भी मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और हुमायूं कबीर ने 2-2 सीटों पर चुनाव जीता। इसके बाद उन्हें एक-एक सीट छोड़नी पड़ीं। असम में सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने विधायक बनने के लिए लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया था।

असम और पुडुचेरी में भी खिला कमल

असम की नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार देवाशीष शर्मा की बढ़त 95,687 वोटों तक पहुंच गई है। एआईयूडीएफ उम्मीदवार मोहम्मद बदरुद्दीन अजमल पीछे चल रहे हैं। इस बीच पुडुचेरी की थट्टनचावड़ी सीट परएनआर कांग्रेस के अशोक आनंद जीत चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार ई. विनायगम को 8,482 वोटों से हराया।

तमिलनाडु उपचुनाव

सीएम विजय की पार्टी ने जीतीं दोनों सीटें

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) ने मदुरंतकम और धारापुरम विधानसभा उपचुनाव जीत लिए हैं। मरगथम कुमारवेल और सत्यभामा ने अपने-अपने डीएमके पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। अब तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सरकार की राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो गई है। मरगथम कुमारवेल ने मदुरंतकम सीट 17,554 वोटों के अंतर से जीती। जबकि सत्यभामा ने धारापुरम में 10,196 वोटों से जीत हासिल की।



राज्यसभा की 11 सीटें तय

भाजपा के 8, सपा के 2 निर्विरोध निर्वाचित उत्तराखंड में भाजपा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की दस सीटें बिना मतदान के फाइनल हो गईं। भाजपा के 8और सपा के 2 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। 2 निर्दलीय प्रत्याशियों के गुरुवार को पर्चे खारिज होने के बाद इनका निर्वाचन साफ हो गया था। दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज होने और नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी के पीछे न हटने से 10 वैध उम्मीदवार रह गए। उत्तराखंड में भाजपा जीती है।



खबर संक्षेप

विजयन के खिलाफ एफआईआर का आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में ईडी की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने वकील केएम शाहजहां की याचिका को मंजूरी दे दी। शाहजहां का तर्क था पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।



होमगार्ड ने पत्नी-बेटी की गला कसकर हत्या की

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के भोला खेड़ा में शुक्रवार तड़के एक होमगार्ड ने अपनी पत्नी और बेटी की गला कसकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णानगर इंस्पेक्टरने बताया कि रविंद्र शंकर होमगार्ड है।



पीएम मोदी के नाम पर होगा जेवर हवाई अड्डा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम 'नरेंद्र मोदी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट' करने का प्रस्ताव पारित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी।उन्होंने प्रधानमंत्री के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है।



कैंची धाम में अब पंजीकरण अनिवार्य

हल्द्वानी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश व्यापारी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के सभागार में कैंची धाम में उमड़ रही भीड़ को लेकर कहा कि जाम से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले लोगों को सच में बड़ी परेशानी हो रही है। सरकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास कर रही है।



फोन का ब्योरा और 'लोकेशन' दी, 5 अरेस्ट

मुंबई। मुंबई पुलिस ने फोन कॉल और मोबाइल उपभोक्ताओं का ब्योरा तथा उनकी मौजूदा 'लोकेशन' की जानकारी अवैध रूप से हासिल कर दूसरों को मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 पुलिसकर्मियों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में सक्रिय था। पुलिसकर्मियों में एक झारखंड और दूसरा बिहार का है।



भारत मंडपम में यूपीएससी के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

आप सभी युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे

स्मारक डाक टिकट, विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह 100 साल का उत्सव वास्तव में लाखों युवाओं की अपार आकांक्षाओं और संस्था पर प्रत्येक भारतीय के अटूट विश्वास का उत्सव है। उन्होंने बदलती पीढ़ियों, सरकारों, प्रौद्योगिकियों और पाठ्यक्रम के बावजूद संस्था की अटूट विश्वसनीयता की सराहना की और इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट, एक विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता के बाद सामने आई विशाल चुनौतियों को याद करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने न केवल देश को स्वतंत्र बनाए रखने के लिए, बल्कि नवगठित राष्ट्र के सक्रिय शासन के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना की स्थापना की।

सरकारी पद की लालसा के बजाए जनसेवा की ओर आकर्षित हों

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



प्रधानमंत्री का स्वागत करते संस्थान के अधिकारी

संस्थान ने राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया

प्रधानमंत्री ने 1926 में ब्रिटिश राज के दौरान स्थापित इस संस्था की तुलना स्वतंत्रता के बाद के इसके विकास से करते हुए कहा कि इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक अपना ध्यान एक स्वतंत्र राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया है। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यूपीएससी ने अपने ऐतिहासिक कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है।

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटें

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में चयन आयोगों की महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए इस बात पर बल दिया कि आज भर्ती किए गए युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे। चयन प्रक्रिया को राष्ट्र और नागरिक को प्राथमिकता देने के दोहरे मापदंड पर परखा जाना चाहिए।

प्रशिक्षु अधिकारी मूल प्रेरणाओं को लिख लें

नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी मूल प्रेरणाओं को लिख लेना चाहिए ताकि भविष्य में आने वाली चुनौतियों और जिम्मेदारियों के समय वे आत्म-मूल्यांकन के लिए इनका उपयोग कर सकें। उन्होंने यूपीएससी और राज्य आयोगों को उम्मीदवारों के लिए इसी तरह की आत्म-निरीक्षण प्रणाली को संस्थागत रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने कहा, "यूपीएससी और राज्य आयोग भी ऐसी प्रणाली विकसित करने पर विचार कर सकते हैं।

नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्र में ग्रामीण-शहरी विभाजन कम होने से युवाओं की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरान नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी।

अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए

प्रधानमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया में मूलभूत बदलाव का आग्रह करते हुए इस बात पर बल दिया कि चयन के मापदंडों में केवल अकादमिक ज्ञान का ही नहीं, बल्कि उम्मीदवारों की अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए, ताकि वे केवल सरकारी पद की लालसा के बजाय जनसेवा की ओर आकर्षित हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही अंतर्निहित प्रेरणा वाले व्यक्तियों का चयन करने से प्रशासन के लिए तेजी से बदलती जन आकांक्षाओं के अनुरूप ढलना अत्यंत सरल हो जाता है।

'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर चलें

प्रधानमंत्री ने अतीत की पुरातन 'माई-बाप' शासन प्रणाली को त्यागते हुए 'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर आधारित एक आधुनिक प्रशासनिक युग की शुरुआत का उल्लेख किया, जिसमें नागरिक को ईश्वर के समान माना जाता है।

11 छात्राओं ने लगाए थे यौन उत्पीड़न के आरोप

कांग्रेस के सांसद और जेएनयू प्रोफेसर यूनिवर्सिटी से बर्खास्त



प्रोफेसर (इनसेट में) और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के लोकसभा सांसद और जवाहर लाल नेहरू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को यूनिवर्सिटी ने बर्खास्त कर दिया गया, जब एक इंटरनल कमेटी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के बाद उन्हें कड़ी सजा देने की सिफारिश की। 11 महिला छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी के समक्ष प्रोफेसर के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। अंगोमचा बिमोल अकोइजम इनर मणिपुर से सांसद हैं, वे जेएनयू के सामाजिक व्यवस्था अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर पद पर तैनात थे। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। प्रोफेसर अकोइजम को तत्काल प्रभाव से यूनिवर्सिटी की सेवाओं से बर्खास्त किया जाता है।

जेएनयू से आयोग ने मांगी थी रिपोर्ट

अकोइजम को हटाने की कार्रवाई से पहले दिल्ली महिला आयोग ने मामले पर जेएनयू प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। आयोग ने 11 छात्राओं के आरोपों पर सिंतबर में यह रिपोर्ट मांगी गई थी।छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उन्होंने मई 2026 में जेएनयू की वाइस चांसलर संतिश्री धुलिपुड़ी पंडित से प्रोफेसर की शिकायत की थी। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उस समय उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की।

30 सितंबर को सौंपी गई रिपोर्ट

जेएनयू के सूत्रों ने बताया कि समिति की रिपोर्ट 30 सितंबर को हुई विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में रखी गई थी और प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया था।

राजनीति में कब आए?

अकोइजम ने साल 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के हुए लोकसभा चुनाव में अकोइजम कांग्रेस के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से मैदान में उतरे और जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख से अधिक वोटों से हराया।

प्रश्नपत्र लीक मामले में कार्रवाई

ईडी ने ओडिशा व बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा में 2024 में उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के मामले में शुक्रवार को राज्य और पश्चिम बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। भुवनेश्वर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने ओडिशा में 8 और पश्चिम बंगाल में 2 ठिकानों पर तलाशी ली। मामला अक्टूबर 2025 में ओडिशा पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। पिछले साल 30 अक्टूबर को



प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों में पुलिस ने आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा के पास इच्छापुरम में 114 अभ्यर्थियों को ले जा रही 3 बसों को रोका था। यह परीक्षा 5-6 अक्टूबर, 2025 को होनी थी। अभ्यर्थियों को 15 लाख से 30 लाख तक की रकम के बदले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का वादा किया गया था।

नवीन की महासचिवों के साथ बैठक

विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की, रणनीति भी बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपाके अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें 'विभिन्न संगठनात्मक मामलों' पर चर्चा की । यह बैठक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों और कॉजपा द्वारा 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन किए जाने के आह्वान के बीच हुई। भाजपा ने 'एक्स' पर बैठक पर कहा कि पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की और विभिन्न



संगठनात्मक मामलों तथा पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। बताया गया कि बैठक में विपक्ष के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और उसके विमर्श का मुकाबला करने के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई।

कच्छ में खावड़ा के पास रिन्यूएबल एनर्जी पार्क में हादसा

क्रेन से निकाले गए शव

ट्रक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर में 7 मजदूरों की मौत, 20 जख्मी

एजेंसी ▶▶ कच्छ

गुजरात के कच्छ जिले में खावड़ा के पास स्थित रिन्यूएबल एनर्जी पार्क में शुक्रवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर में कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। खावड़ा पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर एमबी चावड़ा ने बताया कि ट्रक और बोलेरो कैंपर विपरीत दिशाओं से आ रहे थे। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सभी मजदूर बोलेरो कैंपर में सवार थे

हादसे के समय सभी मजदूर बोलेरो कैंपर में सवार थे। टक्कर के बाद मजदूर वाहन के मलबे में फंस गए। उन्हें क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। 20 से ज्यादा घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के पीछे संभावित लापरवाही के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। कच्छ कलेक्टर अनिल राणावसिया ने कहा कि गुरुवार रात खावड़ा गांव के पास एक भीषण दुर्घटना हुई। एक कंपनी के 30-32 मजदूरों को ले जा रही पिकअप वैन एक ट्रक से टकरा गई।



राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय ने किया आयोजन, बोलीं पुण्यसलीला

डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनों से देश की शोध संस्कृति सुदृढ़ होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय (एनएमएल) ने शुक्रवार को 'डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनः पुस्तकालयों के माध्यम से पहुंच को पुनर्परिभाषित करना' विषय पर ईआरएमईडी कंसोर्टियम के 5वें राष्ट्रीय प्रशिक्षण-सह-सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और प्रमाण-आधारित स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनों की बढ़ती भूमिका पर चर्चा हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने डिजिटल चिकित्सा संसाधनों को सभी मेडिकल कॉलेजों, विशेष रूप से कम सुविधा वाले क्षेत्रों में स्थित संस्थानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

'डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनः पुस्तकालयों के माध्यम से पहुंच को पुनर्परिभाषित करना' पर संगोष्ठी



एनएमएल की भूमिका को रेखांकित किया

उद्घाटन सत्र में अतिरिक्त सचिव डॉ. विनोद कोटवाल और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. लवनीश जी. कृष्णा मौजूद रहे। श्रीवास्तव ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा वितरण की नींव मजबूत करने में राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय की भूमिका को अहम बताया।

दक्षता बढ़ाना जरूरी

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। नई बीमारियों की पहचान हो रही है, उपचार की नई पद्धतियां सामने आ रही हैं और नैदानिक प्रक्रियाएं लगातार

डिजिटल संसाधन शोध संस्कृति के महत्वपूर्ण आधार

श्रीवास्तव ने डिजिटल स्वास्थ्य संसाधनों को केवल सूचना हासिल करने का माध्यम मानने के बजाय उन्हें देश में मजबूत अनुसंधान संस्कृति विकसित करने का अहम साधन बताया। वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

शोध की सोच को बढ़ावा दें

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के दूसरे हिस्सों में हो रहे शोध से लाभ उठा सकता है, लेकिन अपनी मजबूत शोध प्रणाली विकसित करने के लिए देश में शोध की सोच को बढ़ावा देना जरूरी है।

प्रेमानंद महाराज का नया संदेश

निंदा और तिरस्कार को भगवान की कृपा मानिए और शांत रहें

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के संत प्रेमानंद महाराज ने साधकों और शिष्यों को विरोध होने पर संयम बरतने और चुप रहकर परिस्थितियों का सामना करने की सीख दी है। उन्होंने संदेश दियाजब समाज में अपमान, निंदा और तिरस्कार का सामना करना पड़े तो उसे भी भगवान की कृपा के रूप में स्वीकार करे। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बना है।



साधक को अहंकार से दूर रहना चाहिए

संत प्रेमानंद शिष्य रसिक दुलारी प्रकरण के बाद पहली बार केलिकुज आश्रम पहुंचे। साधकों एवं शिष्यों को यह अहम सीख दी। उन्होंने समझाया कि जीवन में विपरीत परिस्थितियां आने पर व्यक्ति को धैर्य नहीं खोना चाहिए। विरोध या आलोचना का जवाब देने के बजाय अपने आचरण, साधना और भक्ति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपमान में मन को शांत रखना अहंकार से दूर रहना साधक के लिए महत्वपूर्ण है।

जबलपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ■ वर्ष : 21, अंक : 158 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 न्यून. 19 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस





खबर संक्षेप

ध्रुव राठी के खिलाफ गृह मंत्रालय से जांच की मांग



बेंगलुरु। बेंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने एसआईआर विरोधी प्रदर्शन में यूट्यूबर ध्रुव राठी की भागीदारी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय से उनकी नागरिकता, वीजा और आव्रजन नियमों के अनुपालन की जांच कराने की मांग की है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में राव ने कहा कि जर्मनी की नागरिकता रखने वाले राठी ने अभिनेता-कार्यकर्ता प्रकाश राज और अन्य लोगों के साथ बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। यह कार्यक्रम एसआईआर के विरोध में आयोजित किया गया था। राव ने पत्र में पूछा है कि क्या किसी विदेशी नागरिक को भारतीय संवैधानिक संस्थाओं से जुड़े राजनीतिक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने या उसे संबोधित करने की अनुमति है। उन्होंने राठी के पासपोर्ट, भारत में प्रवेश के आधार, वीजा की श्रेणी, यात्रा के घोषित उद्देश्य और प्रवास संबंधी शर्तों की पुष्टि करने का आग्रह किया है।

मप्र में ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

ओबीसी पक्ष इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर/भोपाल

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले संशोधन कानून को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया है। इसके बाद प्रदेश में ओबीसी आरक्षण फिर से 14 प्रतिशत रहेगा। साथ ही सरकारी भर्तियों में लंबे समय से रोके गए 13 प्रतिशत पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती एजेंसियों को यह प्रक्रिया तीन महीने में पूरी करनी होगी। हालांकि, ओबीसी पक्ष ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य और याचिकाकर्ता लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि महासभा इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। ओबीसी वर्ग के अधिकारों के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन भी किया जाएगा। यह फैसला डब्ल्यूपी नंबर 5901/2019, अशिता दुबे एवं अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन एवं अन्य और इससे जुड़ी याचिकाओं पर दिया गया है। गौर हो कि केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए ओबीसी को 27% आरक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था महाराष्ट्र सहित पूरे देश में लागू है। हालांकि राज्य सरकारों की नौकरियों में आरक्षण का मामला संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के अंतर्गत आता है।

इस फैसले के बाद प्रदेश में तेज होगा सियासी घमासान

27% ओबीसी आरक्षण नहीं ये अब '14 प्रतिशत' ही रहेगा

हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले 2019 के संशोधन कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द किया

13% होल्ड पदों पर तीन महीने में अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों की होगी भर्ती



जबलपुर हाईकोर्ट

यह फैसला डब्ल्यूपी नंबर 5901/2019, अशिता दुबे एवं अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन एवं अन्य और इससे जुड़ी याचिकाओं पर दिया गया

होल्ड पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

ओबीसी आरक्षण विवाद के कारण 29 सितंबर 2022 से कई सरकारी भर्तियों में 87:13 प्रतिशत का फार्मूला अपनाया जा रहा था। इसके तहत 87 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती थी, जबकि बाकी 13 प्रतिशत पदों को अंतिम निर्णय तक रोककर रखा गया था। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का रास्ता खुल गया है।

कमलनाथ सरकार ने 2019 में बढ़ाया था आरक्षण

2019 में तत्कालीन सीएम कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया था। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसने संबंधित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई और फैसला करने के लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को भेज दिया था। सुनवाई 5 अगस्त 2026 को पूरी हुई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे 9 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया।

हेमंत खंडेलवाल बोले

ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने के संकल्प पर अडिग भाजपा सरकार



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के संकल्प पर अडिग है। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में अध्यादेश लाने और उसे मजबूत कानूनी आधार नहीं देने का आरोप लगाया। खंडेलवाल ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले की कंडिका 215 में वर्ष 2019 के अध्यादेश को पर्याप्त तैयारी के अभाव और जल्दबाजी में पारित किए जाने का उल्लेख किया है।

कमलनाथ बोले

सरकार ने सही तथ्य नहीं रखे



पूर्व सीएम कमलनाथ का कहना है कि सरकार की कमजोर पैरवी और आधी-अधूरी सूचनाएं देने से हाई कोर्ट ने ओबीसी को 27% आरक्षण को रद्द कर दिया है। इस तरह से भाजपा ने अदालत में कमजोर पक्ष रखकर ओबीसी वर्ग की पीठ में छुरा घोंपा है। अदालत के आदेश से साफ़ है कि भाजपा सरकार अदालत को अपने तर्कों से संतुष्ट नहीं कर पाई। वहीं, मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष जेपी धनोपिया ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के संबंध में हाईकोर्ट का आदेश प्रदेश सरकार की बदनीयती का नतीजा है।



रंगोली से पीएम मोदी की बनी आकृति का अवलोकन करते सीएम

'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग' कार्यक्रम

रंगोली से बच्चों ने राष्ट्र के प्रति अपने 'भाव' का प्रदर्शन किया

सीएम ने बच्चों के साथ संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इसी के साथ ही मप्र तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव को पूरे एक माह तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सेवा के रंग-राष्ट्र के संग कार्यक्रम में विशाल और आकर्षक रंगोलियां तैयार की गईं। रंगोली के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और राष्ट्र के प्रति अपने भावों का प्रकटीकरण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग' कार्यक्रम के तहत मानव रंगोली निर्माण कार्यक्रम को टीटी नगर स्टेडियम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को टीटी नगर स्टेडिटम में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर, प्रधानमंत्री मोदी और विकसित भारत के संकल्प पर आधारित विशाल रंगोलियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने भारत के नक्शे के रूप में बनी मानव रंगोली में शामिल बच्चों के बीच जाकर बैठे और बच्चों से संवाद किया। इस अवसर पर रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। स्टेडियम में उपस्थित युवाओं ने देश को @2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वी विल डू इट और भारत माता की जय के नारे लगाए।

वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत

दूसरे मैच में 249 रन बनाकर भी भारत हारा

रांची। वेस्टइंडीज ने भारत को रांची में खेले गए दूसरे टी20 मैच में कप्तान शे होप के शतक की बदौलत 6 विकेट से हराया। हाईस्कोरिंग मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 249 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने शेप होप और रदरफोर्ड के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत 9 गेंद रहते मैच अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 252 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान शे होप ने नाबाद 102 रन बनाए। वेस्टइंडीज टीम की टी20 इंटरनेशनल में ये सबसे सफल रन चेज है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन के दमदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 249 रन बनाए। संजू ने 41 गेंद में 82 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवाए। पूरन 4 और शिमरन हेटमायर बिना खाता खोले आउट हुए। रोवमैन पॉवेल ने 13 गेंद में 24 रन बनाए। शेरफेन रदरफोर्ड 37 गेंद में 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने होप के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 54 गेंद में 120 रन जोड़े। शे होप ने 45 गेंद में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। भारत के लिए मयंक यादव ने तीन विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को चौथे ओवर में पहला झटका लगा।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान

सीएम ने हरदा में समाधान ऑनलाइन में समस्याएं सुनकर किया निराकरण

10 माह से मानदेय लंबित, आदिम जाति के जिला संयोजक 'निलंबित'

- सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी
- लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश



समाधान ऑनलाइन में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम

मुख्यमंत्री ने हरदा पहुंचते ही सबसे पहले जिला चिकित्सालय व वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में समाधान ऑनलाइन में जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा करते हुए पांच आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में अनावश्यक विलंब और शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक प्रमोद माथुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विद्युत बिल संबंधी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संदीप गौर से चर्चा कर कृषि यंत्रों पर सब्सिडी से संबंधित उनकी शिकायत सुनी। सतीश उइके की विद्युत बिल से संबंधित समस्या पर चर्चा करते हुए महाप्रबंधक विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए मीटरों की सैंपल विवरण कर जानकारी लेने के निर्देश दिए। विद्युत बिल संबंधी शिकायतों के समय पर निराकरण में देरी पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने शबाना, रेखा यादव और अरविंद इवने सहित अन्य आवेदकों से की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

राज्य सरकार का बड़ा फैसला

रिश्वतखोरी के मामले में डिप्टी सीएम के ओएसडी को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के ओएसडी दीपम रायचूरा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। रायचूरा आबकारी विभाग में सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल के पद पर पदस्थ थे। इसके साथ ही उन्हें ओएसडी के पद पर भी पदस्थ किया गया था। किंतु राज्य शासन के आदेश के बाद उन्हें फिर से सहायक आबकारी आयुक्त राज्य स्तरीय उड़नदस्ता में पदस्थ कर दिया गया। आरोप है कि पिछले वर्ष 2024-25 में ओएसडी बनते ही रायचूरा ने एक शराब कारोबारी से कथित रूप से एक करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अपने ओएसडी रायचूरा को हटाने का नोटशीट मंत्रालय स्थित वाणिज्यिक कर विभाग को भेजा था। उनके नोटशीट के तत्काल बाद आबकारी विभाग के अपर सचिव राजेश ओगरे ने रायचूरा को हटाने का आदेश जारी कर दिया।



भारतीय मूल की नवी पिल्लई को नोबेल शांति पुरस्कार, ट्रंप को फिर नहीं मिली कामयाबी

खुद भी झेला भेदभाव, अफ्रीकी कानून विशेषज्ञ बनीं, पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नवी पिल्लई

भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी नागरिक नवनेथम 'नवी' पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने में उनके योगदान को सम्मान का आधार बताया। पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे। वह प्रख्यात वकील और न्यायविद हैं तथा रवांडा के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में जन्मीं पिल्लई ने नस्लीय भेदभाव के दौर में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में काम किया। वह दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश रहीं और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से भी जुड़ी रहीं। पिल्लई ने कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग की अध्यक्षता की। वह म्यांमार में नरसंहार के आरोपों से जुड़े मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश भी हैं। बलात्कार और यौन हिंसा को अंतरराष्ट्रीय अपराधों के रूप में मान्यता दिलाने तथा मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में जवाबदेही तय करने में उनकी अहम भूमिका रही है।

भारत से कैसा नाता है?

नवी भारतीय मूल की तमिल परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा गन्ना किसान थे। गौर करने वाली बात यह है कि उनके पूर्वज भारत से गिरमिटिया मजदूर के रूप में दक्षिण अफ्रीका गए थे। भारत से गहरी भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव के चलते उन्होंने अपनी पारंपरिक तमिल संस्कृति, संस्कारों और मूल्यों को संजोए रखा, जो उनके संघर्षशील और न्यायप्रिय जीवन में स्पष्ट रूप से झलकता है।

ट्रंप बोले थे- मुझे पुरस्कार नहीं तो यह समिति की ही बदनामी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा जाहिर करते रहे हैं। उनका दावा है कि उन्होंने आठ युद्धों को समाप्त कराने या संघर्षों को रोकने में भूमिका निभाई है। ट्रंप ने पुरस्कार की घोषणा से पहले 7 अक्टूबर को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा था कि उन्हें नहीं पता कि समिति क्या फैसला करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें पुरस्कार नहीं मिलता, तो यह समिति के लिए बदनामी की बात होगी।

एच-1बी वीजा पर जेडी वेंस के बयान से मचा बवाल

विदेशियों को बताया था 'बंधुआ मजदूर', भारत बोला- बयान अनुचित और अपमानजनक, अपना इतिहास न भूले अमेरिका

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को साफ कहा कि अमेरिका में काम कर रहे भारतीय पेशेवर अत्यधिक शिक्षित और कुशल हैं। वे वहां की अर्थव्यवस्था, तकनीकी क्षेत्र और नए आविष्कारों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें 'बंधुआ मजदूर' कहना किसी भी तरह से उचित नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को लेकर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की एक टिप्पणी पर भारत ने कड़ी नाराजगी जताई है। वेंस ने एच-1बी वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों को 'बंधुआ मजदूर' बताते हुए आरोप लगाया था कि विदेशी कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों की जगह कम वेतन पर बाहर से लोगों को बुला रही हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस बयान को न सिर्फ अनुचित, बल्कि बेहद अपमानजनक बताया है। मंत्रालय का कहना है कि इस तरह के शब्दों से गुलामी और औपनिवेशिक दौर की दर्दनाक यादें जुड़ी हैं। साथ ही, ऐसी टिप्पणियां अमेरिका की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भारतीय पेशेवरों के योगदान को भी नजरअंदाज करती हैं।


उप राष्ट्रपति जेडी वेंस

अमेरिका की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भारतीय पेशेवरों का योगदान महत्वपूर्ण

भारत ने गिनाए दोनों देशों को होने वाले फायदे

विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि कुशल पेशेवरों का एक देश से दूसरे देश में जाकर काम करना भारत और अमेरिका, दोनों के लिए फायदेमंद है। भारतीय प्रतिभाओं को अमेरिका में बेहतर अवसर मिलते हैं, वहीं अमेरिकी कंपनियों को भी अनुभवी और कुशल कर्मचारी मिलते हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय पेशेवर अमेरिका में शोध, तकनीकी विकास, नए आविष्कार, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। इससे कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और नए रोजगार पैदा करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, कंपनियों के शेयरधारकों को भी लाभ होता है। प्रतिभाशाली लोगों की आवाजाही दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। ऐसे में इस प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने वाले कदम दोनों देशों के लिए फायदेमंद नहीं हैं। मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि इस मामले से जुड़े सभी पक्ष भारतीय पेशेवरों के योगदान और प्रतिभा के आदान-प्रदान से होने वाले लाभ को समझेंगे।

भारत की पूरे मामले पर नजर

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रहा है। भारत का रुख स्पष्ट है कि भारतीय पेशेवरों के योगदान को नजरअंदाज करके या उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके दोनों देशों के बीच प्रतिभा और तकनीक के आदान-प्रदान के महत्व को कम नहीं किया जा सकता। भारत और अमेरिका के बीच तकनीक, शोध, कारोबार और रोजगार के क्षेत्र में गहरा जुड़ाव है।

स्वदेश लौटें भारतीय, मिलकर बनाएंगे नया भारतः वेम्बू

जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों से देश लौटने और भारत के तकनीकी भविष्य को मजबूत बनाने की अपील की है।



उनका कहना है कि भारतीयों ने अमेरिका की तकनीकी तरक्की में बड़ा योगदान दिया है, लेकिन अब वहां के एक बड़े वर्ग का नजरिया भारतीयों के प्रति बदलता दिखाई दे रहा है। इस मुश्किल दौर को एक साहसी और नए भविष्य की शुरुआत बनने देना चाहिए। विदेशों में हासिल किए गए अनुभव और तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल भारत को मजबूत बनाने के लिए किया जा सकता है।

वेंस ने वीजा को लेकर कंपनियों पर साधा था निशाना

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को एच-1बी वीजा पर काम करने वाले विदेशी कर्मचारियों और उन्हें नियुक्त करने वाली कंपनियों पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए लाए गए कर्मचारियों और समान पदों पर काम करने वाले अमेरिकी नागरिकों के वेतन में 48,000 डॉलर तक का अंतर है। वेंस ने कहा कि कुछ कंपनियां विदेशों से कर्मचारियों को बुलाती हैं, अमेरिकी कामगारों की छंटनी करती हैं और कम वेतन देकर अपना मुनाफा बढ़ाती हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में विदेशी कर्मचारियों को 'बंधुआ मजदूर' कहा और यह भी आरोप लगाया कि ऐसे लोगों को अमेरिका में काम करने की अनुमति ही नहीं मिलनी चाहिए।

खबर संक्षेप

मणिपुर में 27 आईईडी निष्क्रिय किए गए

इम्फाल। मणिपुर के कामजोंग जिले में असम राइफल्स और भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान में 27 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। करीब 8 किलोमीटर लंबे पहाड़ी मार्ग पर 48 घंटे तक चले अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने झाड़ियों में छिपाकर रखे गए इन विस्फोटक उपकरणों को बरामद किया। सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक संदिग्ध ड्रग तस्कर को भी पकड़ा गया है।



इजराइल में कैप्टन स्मित को बड़ा सम्मान

तेल अवीव। इजराइल ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने गुरुवार को इस सम्मान की जानकारी दी। कैप्टन मच्छार ने तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में एक बड़ी विमानन आपदा को टालने में अहम भूमिका निभाई थी। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब कैप्टन मच्छार अबू धाबी के एक अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।



नेपाल में नीचे जा गिरी स्कूल बस, 5 की मौत

काठमांडू। नेपाल के पश्चिमी शहर पोखरा में शुक्रवार सुबह एक स्कूल बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। बस सुबह करीब 6:20 बजे कास्की जिले के पोखरा महानगरपालिका के वार्ड नंबर 28 स्थित ओखलेको भीर इलाके में सड़क से फिसलकर नीचे जा गिरी। यह बस कालिका इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल की है। हादसे के समय बस में 17 छात्र, एक अन्य यात्री और चालक सवार थे। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। कास्की पुलिस अधीक्षक नवीन कार्की ने यह जानकारी दी।



मस्क ने भारत में स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर सवाल उठाए

मस्क को न्योते के बाद राहुल बोले- मैं एकाधिकार के खिलाफ, भाजपा ने पूछा- अब क्यों मेहरबान?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ऐसा माहौल होना चाहिए, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक संरक्षण वाले पूंजीवाद की व्यवस्था को खत्म करने, नवाचार और मेहनत पर आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। बता दें, स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने पर गुरुवार को सवाल उठाए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि स्टारलिंक को दुनिया के 165 से ज्यादा देशों में सेवा देने की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी पिछले पांच साल से भारत सरकार के हर कानून और जरूरी शर्त का पालन कर रही है।

सरकार बोली- राष्ट्रीय सुरक्षा और मानकों को पूरा करना जरूरी


एलन मस्क राहुल गांधी

हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका

राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत को ऐसे समान अवसर वाले माहौल की जरूरत है, जहां हर कारोबार को प्रतिस्पर्धा करने का उचित मौका मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं क्रोनी कैपिटलिज्म की इस व्यवस्था को तोड़ने और ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो नवाचार और कड़ी मेहनत से आगे बढ़े, न कि राजनीतिक संरक्षण से। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया। इसमें एलन मस्क के साथ उनकी बातचीत के अंश शामिल थे।

किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं: सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता है। सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के दौरान कहा कि एक विशेष कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन तीन कंपनियों को सैटकॉम लाइसेंस मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट संचार सेवा प्रदाता राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं और निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही अपना परिचालन शुरू कर सकते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंधिया ने कहा कि उनकी पार्टी को यह भी नहीं पता कि वह बाएं जा रही है या दाएं।

कांग्रेस ने पहले किया था विरोध, अब पलटी: सूर्या

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने राहुल गांधी पर स्टारलिंक के भारत में प्रवेश को लेकर विरोधाभासी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष के नेता पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध करने के लिए कंपनी का समर्थन कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले साल भारत में स्टारलिंक के संभावित प्रवेश का विरोध किया था। उस दौरान उनके द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि यह कदम प्रधानमंत्री के करीबी व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के इरादे से उठाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी उठाई थीं।

भारत कोई 'बनाना रिपब्लिक' नहीं: माधव

भाजपा नेता राम माधव ने कहा कि एलन मस्क को ध्यान में रखना चाहिए कि भारत कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है, जहां वह जैसे चाहे बयान दे सकें। भारत में स्पेक्ट्रम और टेलीकॉम से जुड़े सभी मामले कानून और नियमों से चलते हैं। यह मोदी सरकार है और यहां सब कुछ पारदर्शी तरीके से और नियमों के अनुसार होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सरकार पर ट्रंप और मस्क के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाते थे, हमें सरेंडर वाली सरकार कहते थे। अब वह खुद क्यों सरेंडर हो गए हैं? वह इतनी जल्दी में क्यों हैं कि एलन मस्क को स्पेक्ट्रम मिल जाए?

वाणिज्य जहाजों पर हमला निंदनीय

समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए 25 देशों ने की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और लाइबेरिया समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए गठित 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' का संयुक्त रूप से समन्वय कर रहे हैं। इस समूह की पहली बैठक न्यूयॉर्क में हुई थी, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री और लाइबेरिया के विदेश मंत्री ने की थी।


रणधीर जायसवाल

जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र और काला सागर क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हुए कई हमलों की भारत ने कड़ी निंदा की है। इस मुद्दे पर हुई हालिया बैठक में करीब 25 देशों ने हिस्सा लिया। इन देशों का संबंध वाणिज्यिक जहाजरानी उद्योग या समुद्री समुदाय से है। उन्होंने कहा कि सभी देशों का साझा हित यह सुनिश्चित करना है कि जहाजों पर हमले बंद हों और समुद्र में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा बनी रहे।

यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म

भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में भारत का रुख लगातार एक जैसा रहा है। जायसवाल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए शिमला समझौते के बाद यूएनएमओजीआईपी की प्रासंगिकता खत्म हो चुकी है। 1996 की गंगा जल बंटवारा संधि के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि नदी और जल से जुड़े सभी मुद्दों पर संयुक्त नदी आयोग के ढांचे के तहत चर्चा की जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक नई दिल्ली में गुरुवार और शुक्रवार को हुई। बैठक का नेतृत्व संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों ने किया। इसमें व्यापार से जुड़े मुद्दों और दोनों देशों के द्विपक्षीय एजेंडे में शामिल विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

आईएमईसी पर बातचीत जारी

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की अगली बैठक के बारे में जायसवाल ने कहा कि भारत इस पहल को काफी महत्व देता है और इससे जुड़े सभी पक्षों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आईएमईसी पहल को बहुत महत्व देते हैं और इससे जुड़े सभी पक्षों के साथ चर्चा कर रहे हैं। फिलहाल, मेरे पास यह जानकारी नहीं है कि आईएमईसी पर अगली बैठक कब होगी। हालांकि, इस पहल में भाग लेने वाले देशों के विवरण सहित कोई भी नई जानकारी उपलब्ध होने पर हम उसे साझा करेंगे।

रूस-ईरान की अहम मुलाकात

पुतिन ने पेजेश्कियन को दिया युद्ध विराम में मदद का भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने गुरुवार को तुर्कमेनिस्तान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान रूस ने ईरान को युद्ध की स्थिति समाधान में मदद का भरोसा जताया।

यह मुलाकात स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) शिखर सम्मेलन और कैस्पियन सागर पर्यावरण शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेजेश्कियन से कहा कि हम जानते हैं कि ईरान उस संघर्ष को समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है, जो इस क्षेत्र में उसकी किसी गलती के बिना शुरू हुआ था। ईरान ने एक बार फिर इस स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए नए प्रस्ताव पेश किए हैं। हमारी ओर से हम इस स्थिति के समाधान में आपकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार हैं।



जयशंकर की इथियोपिया के विदेश मंत्री से भेंट

व्यापार, निवेश और डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ अदीस अबाबा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में अपने समकक्ष गेडियन तिमोथेवोस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने शिक्षा, संस्कृति, व्यापार, निवेश और डिजिटल क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों ने वैश्विक घटनाक्रम, बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और भारत-अफ्रीकी संघ की साझेदारी को आगे बढ़ाने के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच रणनीतिक साझेदारी साझा मूल्यों, समान आकांक्षाओं और ऐतिहासिक दक्षिण-दक्षिण एकजुटता पर आधारित है। इथियोपिया के विदेश मंत्रालय ने भी इस मुलाकात को अहम बताया।


जयशंकर और तिमोथेवास

राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में रक्षा मंत्री बोले

मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी राष्ट्रीय चेतना के बगैर विकास अधूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे पास मिसाइल हों, लेकिन मन में मर्यादा न हो, तो शक्ति अधूरी है। हमारे पास एआई हो लेकिन राष्ट्रीय चेतना न हो, तो विकास अधूरा है। यही हमारी विशेषता है। यही भारत की शक्ति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को दिल्ली में स्थित राष्ट्र मंदिर विश्व रामायण आश्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने लोगों संवाद करते हुए अध्यात्म पर अपने विचार रखे।


राजनाथ सिंह

बड़प्पन सामर्थ्य में नहीं

यह मन का कलुष ही होता है, जो आए दिन राष्ट्र-विरोधी नारे लगाता है, और यह मानस की शुद्धि ही होती है जो राष्ट्र को अपना सर्वस्व मान बैठता है। बड़प्पन केवल शक्ति और सामर्थ्य में नहीं, बल्कि सहनशीलता, उदारता और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता में भी होता है। हमारे धर्मशास्त्रों, पुराणों से लेकर आज तक, हमारे संविधान, हमारी भारतीय न्याय संहिता, ये सब हमारे समाज के मानस की शुद्धि का कार्य करते हैं। ये हमें बताते हैं कि क्या उचित है, क्या अनुचित है। ये हमें दिशा देते हैं। ये हमें सभ्य बनाए रखते हैं।

पितृपक्ष में बलिदानियों का भी करें स्मरण

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब हम पितृपक्ष में तर्पण करते हैं, तो हमें केवल अपने पूर्वजों का ही स्मरण नहीं करना चाहिए। हमें उन बलिदानियों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने हमारी रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, वह कभी नहीं गिरता। जो राष्ट्र अपने बलिदानियों को स्मरण करता है, वह सदैव आगे बढ़ता है।

भारत-केन्या के बीच पहली नौसेना स्टाफ वार्ता

समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण, पेशेवर संपर्क और सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

भारत और केन्या ने पहली बार नौसेना स्टाफ वार्ता (नेवी स्टाफ टॉक्स) आयोजित की। केन्या के शहर मोम्बासा में हुई इस बैठक में दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण और पेशेवर आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 5 से 7 अक्टूबर तक चली इस वार्ता की संयुक्त अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर कार्तिक श्रीमल (विदेश सहयोग) और केन्याई नौसेना के उप कमांडर ब्रिगेडियर संकाले किसवा ने की। दोनों पक्षों ने नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने और समुद्री साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।


नौसेना स्टाफ वार्ता

नौसैनिक सहयोग रक्षा संबंधों का हिस्सा

केन्या के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक ने दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच साझा हितों वाले क्षेत्रों की समीक्षा करने और सहयोग बढ़ाने के नए अवसर तलाशने का मौका दिया। भारत और केन्या हिंद महासागर क्षेत्र में लंबे समय से साझा समुद्री हित रखते हैं। इसलिए नौसैनिक सहयोग दोनों देशों के व्यापक रक्षा संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच लगातार बढ़ता संपर्क आपसी समझ को मजबूत करता है और पेशेवर तथा परिचालन सहयोग को आगे बढ़ाने के नए अवसर पैदा करता है। यह शिष्टाचार मुलाकात भारत-केन्या समुद्री साझेदारी की मजबूती और सुरक्षित तथा स्थिर समुद्री माहौल को बढ़ावा देने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

आजादी के बाद पहली बार बदलेगा पाकिस्तान का नक्शा!

यह 'फूट डालो और राज करो' नीति का हिस्सा

आसिम मुनीर की चार सूबों को नए राज्यों में बांटने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटिश पत्रिका की एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान की नापाक चाल की पूरी तरह से पोल खोल कर रख दी है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह जनरल आसिम मुनीर पाकिस्तान के नक्शे को पूरी तरह बदलने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत देश के चार मुख्य प्रांतों को तोड़कर 15 या उससे ज्यादा छोटे राज्यों में बांटने की तैयारी चल रही है। मुनीर का तर्क है कि ये प्रांत प्रशासन चलाने के लिए बहुत बड़े हैं और इसी वजह से देश की हालत खस्ताहाल है, स्थिति ऐसी है कि महंगाई आसमान छू रही है और विकास दर भारत से आधी है। इसलिए बेहतर शासन के लिए इन्हें छोटे हिस्सों में बांटना जरूरी है।


आसिम मुनीर

असली निशाने पर पंजाब और सिंध

मुनीर के असली निशाने पर पंजाब और सिंध प्रांत को बांटना है। इसका कारण है कि पाकिस्तान की राजनीति में पंजाब और सिंध ऐसे राज्य हैं जहां दो पुरानी पार्टियां पीएमएल(एन) और पीपीपी का लंबे समय से दबदबा रहा है। साल 1947 में पाकिस्तान के बनने के बाद से देश चार प्रमुख प्रांतों पंजाब, सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बंटा हुआ है। इनमें सबसे बड़ा सूबा पंजाब है, जिसकी आबादी 12.8 करोड़ है।

बर्बादी के लिए पाक सेना जिम्मेदार

मुनीर के आंखों में खटकने वाली बात यह है कि सैन्य तानाशाही के दौर में भी इन सूबों ने सत्ता के खिलाफ एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में खुद को बचाया है। यही वजह है कि अब आसिम मुनीर की नजरें इन्हीं बड़े गढ़ों पर टिकी हैं, ताकि इन्हें तोड़कर इनकी ताकत खत्म की जा सके। मुनीर भले ही देश की खराब आर्थिक हालत का रोना रो रहे हों, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की बर्बादी के लिए खुद पाकिस्तानी सेना ही जिम्मेदार है। कुल मिलाकर, सेना देश के टैक्स के पैसों पर ऐश करती है, देश की सबसे कीमती जमीनों पर उसका कब्जा है और वह ऐसे बिजनेस चलाती है जो अपने सामने किसी टिकने नहीं देते।

अपनी ताकत मजबूत करना चाहते मुनीर

मुनीर की यह योजना सुधार की आड़ में 'फूट डालों और राज करों' की है। इसका असली मकसद देश का विकास करना नहीं, बल्कि अपनी ताकत को और ज्यादा मजबूत करना है। पाकिस्तान की कठपुतली सरकार की योजना के तहत इन नए छोटे राज्यों की कमान या तो चुने गए नेताओं के पास होगी या फिर सीधे सरकार यानी सेना प्रमुख के चहेते नुमाइंदों के हाथों में।

ईएचटी बिजली लाइनों के नीचे निर्माण की अनुमति पर 10 अधिकारियों को नोटिस

हाईकोर्ट सख्त, जबलपुर में 220 और 133 केवी की उच्चदाब लाइनों के आसपास अवैध निर्माण और कालोनियों का मामला

जबलपुर। जबलपुर शहर में अति उच्चदाब बिजली लाइनों के आसपास निर्माण और कालोनियों के विकास का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे एवं जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने ग्रीष्म जैन एवं अमित पटेल की याचिका पर राज्य शासन सहित संबंधित विभागों के 10 अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर, 2026 को निर्धारित की गई है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जबलपुर शहर की सीमाओं से होकर अति उच्चदाब (ईएचटी) बिजली लाइनें गुजरती हैं। इन लाइनों के माध्यम से 220 और 133 किलोवाट नहीं, बल्कि 220 और 133 किलोवोल्ट की विद्युत आपूर्ति की



जाती है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि इन लाइनों के नीचे और निर्धारित सुरक्षा क्षेत्र में निर्माण प्रतिबंधित है, इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा मकान, पार्क और अन्य निर्माण कार्यों की अनुमति दी जा रही है। इससे नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

याचिका के अनुसार, मुख्य अभियंता, एमपी ट्रांसको के ईएचटी मेंटेनेंस विभाग द्वारा इस संबंध में जिला दंडाधिकारी जबलपुर को जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद कथित रूप से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शहर में कई स्थानों पर अति उच्चदाब लाइनों के नजदीक अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जो भूमि विकास नियम, 2012 और विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया कि उच्चदाब लाइनों के आसपास पूर्व में दुर्घटनाएं और जनहानि हो चुकी हैं। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों और लिखित सूचनाओं पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। याचिकाकर्ताओं ने नियोजित शहरी विकास को नागरिकों का अधिकार बताते हुए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की है।

इन अधिकारियों को नोटिस

कोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग; अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास व आवास विभाग; एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता (ईएचटी मेंटेनेंस); जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जबलपुर; संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग तथा नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किए हैं। मामले में अगली सुनवाई 25 नवंबर 2026 को होगी।

रेलवे पुलिस और सब इंस्पेक्टर की नौकरी का झांसा देने का आरोप

नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी, पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज



जबलपुर। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में घमापुर पुलिस ने किरण शर्मा और उसके पति अजय शर्मा उर्फ अजय चौधरी के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार, शक्ति नगर बदनपुर गढ़ा निवासी मनोज प्रधान उरड़े (37) ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात उमागिरी सोनी उर्फ विगला सोनी के माध्यम से अजय शर्मा से हुई थी। आरोप है कि अजय ने अपनी पत्नी किरण शर्मा के रेल पुलिस में कांस्टेबल होने और बेटी आकांक्षा शर्मा के भोपाल में सब इंस्पेक्टर पद पर होने की बात कहकर सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया।

कर्ज लेकर जुटाई रकम, फिर भी नहीं मिली नौकरी

शिकायतकर्ता के मुताबिक, रेलवे पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की मांग की गई। उसने 17 मार्च 2022 को दो लाख रुपये नकद दिए। इसके बाद एक लाख रुपये ऑनलाइन किरण शर्मा के खाते में ट्रांसफर किए और एक लाख रुपये नकद दिए। शेष दो लाख रुपये की व्यवस्था कर उसने 12 जनवरी 2023 को अजय शर्मा और किरण शर्मा को भुगतान किया। इस तरह कुल छह लाख रुपये देने के बावजूद उसे न तो नौकरी मिली और न ही ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। मनोज प्रधान का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे और बाद में पैसे लौटाने से इनकार करते हुए धमकी भी दी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य लोगों से भी सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली गई है। घमापुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर किरण शर्मा और अजय शर्मा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच के बाद ही मामले से जुड़े अन्य आरोपों और लोगों की भूमिका की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पांच महीने पुरानी चोरी का जीआरपी ने किया खुलासा

इटारसी-जबलपुर ट्रेन में आईफोन-15 चोरी करने वाला वेंडर गिरफ्तार



जबलपुर। इटारसी-जबलपुर रेलखंड पर यात्री का कीमती आईफोन-15 चोरी करने के मामले में जीआरपी जबलपुर को सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के आरोप में ट्रेन में वेंडर का काम करने वाले 19 वर्षीय युवक आलोक दोहरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 71 हजार 600 रुपये कीमत का एप्पल आईफोन-15 बरामद किया गया है। चोरी की यह वारदात करीब पांच महीने पुरानी बताई जा रही है।

भीड़ का फायदा उठाकर जेब से उड़ाया था मोबाइल

जीआरपी के मुताबिक, जबलपुर थाने में दर्ज चोरी के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी आलोक दोहरे (19), पिता प्रेमनारायण दोहरे, निवासी ग्राम पीला झंडा, थाना मेहगांव, जिला भिंड से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। बताया गया कि वह ट्रेन में वेंडर का काम करता था और करीब पांच महीने पहले जबलपुर स्टेशन पर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर एक यात्री की पैंट की जेब से आईफोन-15 चोरी कर लिया था।

अपनी सिम डालकर कर रहा था इस्तेमाल

चोरी के बाद आरोपी ने मोबाइल में अपनी सिम डालकर उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया था। पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई। साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने चोरी किया गया मोबाइल पुलिस के सामने पेश कर दिया, जिसे जब्त कर लिया गया।

जीआरपी टीम की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत तिवारी और प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है। करीब पांच महीने पुराने इस मामले में मोबाइल की बरामदगी को पुलिस की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

जबलपुर पुलिस की कार्रवाई:

29 आदतन अपराधियों सहित 135 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर असामाजिक तत्वों, अवैध शराब और हथियारों के कारोबार तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे में पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया और अवैध शराब व हथियार जब्त किए। पुलिस के अनुसार, 29 आदतन अपराधियों के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस, 95 व्यक्तियों पर धारा 126/135(3) बीएनएसएस तथा 11 व्यक्तियों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। दो गैर-जमानती और 20 जमानती वारंटियों को गिरफ्तार करने के साथ 64 जमानती वारंट तामील किए गए। अवैध शराब के मामलों में 16 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर 165 पाव देशी-अंग्रेजी शराब और 33 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं, चार आरोपियों से एक तलवार और तीन चाकू जब्त किए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 96 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 31,600 रुपये समन शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों डॉ. आयुष जाखड़, मनीष भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, पल्लवी शुक्ला, अंजना तिवारी और अखिलेश तिवारी के मार्गदर्शन में की गई।

- **मंत्री राकेश सिंह ने की घोषणा**
- **रामपुर छापर में 3 एकड़ भूमि पर बनेगा हरित परिसर, मियावाकी पद्धति से होगा पौधों का रोपण**

जबलपुर में 17,500 पौधों से विकसित होगा 'नमो उद्यान'

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रामपुर छापर में 'सेवा मेरा योगदान संकल्प सेवा अभियान 2026' के तहत आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने 17 हजार 500 पौधों से विकसित होने वाले 'नमो उद्यान' की घोषणा की। लगभग 3 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाला यह उद्यान पर्यावरण संरक्षण के साथ नागरिकों को स्वास्थ्य, खेल और मनोरंजन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा।

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मियावाकी पद्धति से विकसित होने वाला नमो उद्यान पश्चिम विधानसभा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे संस्कारधानी क्षेत्र के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने इस पहल को हरित आवरण बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



दो हिस्सों में विकसित होगा नमो उद्यान

नमो उद्यान को दो भागों में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसमें एक ओर नागरिकों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त गार्डन तैयार होगा, वहीं दूसरी ओर मियावाकी तकनीक से सघन वन विकसित किया जाएगा।

नमो उद्यान पार्ट-1: सेहत और मनोरंजन की सुविधाएं

लगभग 0.80 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस हिस्से में करीब 500 छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें नीम, कदंब, सागौन, अर्जुन, आम, अमरूद और आंवला जैसे पौधे शामिल हैं। नागरिकों के लिए ओपन जिम, बच्चों के लिए सुरक्षित किड्स प्ले एरिया, बुजुर्गों के बैठने के लिए सिटिंग एरिया, हरा-भरा लॉन और टहलने के लिए पाथवे जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

नमो उद्यान पार्ट-2: मियावाकी पद्धति से विकसित होगा सघन वन

लगभग 1.68 एकड़ क्षेत्र में जापानी मियावाकी पद्धति से 16,500 पौधे लगाए जा रहे हैं। इसमें कनेर, चंपा और गुड़हल जैसे पौधों के साथ आम, जामुन, पीपल, बरगद, हरड़ और बहेड़ा जैसे वृक्ष शामिल होंगे। सघन पौधारोपण के माध्यम से इस क्षेत्र को हरित और जैव विविधता से समृद्ध बनाने की योजना है।

पांच दिन में तैयार की गई भूमि

इस परियोजना की खास बात यह है कि नगर निगम प्रशासन ने पौधारोपण के लिए लगभग 3 एकड़ भूमि महज पांच दिनों में तैयार की। मंत्री राकेश सिंह और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने इस कार्य के लिए नगर निगम प्रशासन की सराहना की।

पर्यावरण के साथ जनस्वास्थ्य को भी मिलेगा लाभ

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि नमो उद्यान शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ नागरिकों को स्वच्छ और प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होगा। परियोजना से स्थानीय पर्यावरण में सुधार, वर्षाजल के बेहतर प्रबंधन और बढ़ते तापमान के प्रभाव को कम करने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। महापौर ने बताया कि रामपुर छापर गार्डन की नई रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके तहत हरियाली के साथ स्वास्थ्य और मनोरंजन की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को समय बिताने तथा शारीरिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नमो उद्यान की यह पहल जबलपुर में हरित क्षेत्रों के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

---

20 हजार क्विंटल धान की कमी और 1.39 करोड़ के धान की अफरा-तफरी से जुड़े हैं मामले

कलेक्टर की कार्रवाई : धान-गेहूं उपार्जन में गड़बड़ी पर वेयरहाउस संचालक 4 माह के लिए जिला बदर



जबलपुर। समर्थन मूल्य पर धान और गेहूं उपार्जन में अनियमितताओं, धोखाधड़ी और खाद्यान्न में मिलावट के मामलों में आरोपी वेयरहाउस संचालक नीतेश पटेल को चार माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है। पुलिस प्रतिवेदन के अनुसार, मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम खबरा निवासी नीतेश पटेल (30) के खिलाफ वर्ष 2024 से 2025 के बीच तीन गंभीर अपराध दर्ज किए गए हैं। इनमें बटरंगी स्थित योगमाया वेयरहाउस में करीब 20 हजार क्विंटल धान की कमी, मां रेवा वेयरहाउस से 6,068.59 क्विंटल धान की कथित अफरा-तफरी और गेहूं में मिट्टी-कंकड़ मिलाकर गैर-मानक खाद्यान्न तैयार करने के मामले शामिल हैं। कथित रूप से अफरा-तफरी किए गए धान की कीमत करीब 1.39 करोड़ रुपये बताई गई है। आदेश के मुताबिक, उपार्जन में गड़बड़ियों के कारण किसानों के भुगतान में देरी हुई थी, जिसके विरोध में विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन और ट्रैक्टर रैलियां भी निकाली गई थीं।

8 जिलों की सीमा में प्रवेश पर रोक

कलेक्टर के आदेश के अनुसार, नीतेश पटेल को 48 घंटे के भीतर जबलपुर सहित मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, दमोह और उमरिया जिलों की सीमाओं से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं। सक्षम न्यायालय या अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वह चार माह तक इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगा और न ही वहां निवास कर सकेगा। प्रशासन ने आगामी उपार्जन सत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और उपार्जन प्रक्रिया को प्रभावित होने से रोकने की आशंका के मद्देनजर यह कार्रवाई की है।

तीन वाहन चोर पकड़े, 10 लाख के 9 दोपहिया वाहन बरामद

जबलपुर। गोहलपुर पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक और दो विधि-विवादित बालकों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे एवं निशानदेही पर करीब 10 लाख रुपये कीमत के 9 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आनंद नगर बस स्टॉप के पीछे बिना नंबर की यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल के साथ तीन संदिग्धों के खड़े होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा। पूछताछ में सिविल लाइन क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर अहमद नगर की झाड़ियों में छिपाकर रखे गए आठ अन्य वाहन भी बरामद हुए। ये वाहन गोहलपुर, लॉर्डगंज, ओमती, ग्वारीघाट, कोतवाली और सिविल लाइन क्षेत्रों से चोरी किए गए थे। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. आयुष जाखड़ एवं सीएसपी शुभम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रितेश पांडे और उनकी टीम ने की। मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है।

जल जीवन मिशन, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की जांच बीईओ-बीआरसी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

संभागायुक्त का औचक निरीक्षण लापरवाही पर अधिकारियों को नोटिस

जबलपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत संभागायुक्त धनंजय सिंह ने कुंडम ब्लॉक के ग्राम तिलसानी में विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों में देरी, स्कूल में कमजोर अध्यापन और राशन वितरण पंजी में अनियमितता सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

नल-जल योजना में देरी पर कार्रवाई

संभागायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत तिलसानी की एकल नल-जल योजना का निरीक्षण किया। कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा नहीं होने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

स्कूल में पढ़ाई की गुणवत्ता पर नाराजगी

एकीकृत शासकीय हाईस्कूल तिलसानी में विद्यार्थियों की उपस्थिति और पढ़ाई की गुणवत्ता का आकलन किया गया। अध्यापन कार्य अपेक्षित स्तर का नहीं मिलने पर बीईओ और बीआरसी से स्पष्टीकरण लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी कहा गया।

स्वास्थ्य सेवाओं और राशन दुकान की जांच

उप स्वास्थ्य केंद्र तिलसानी में संभागायुक्त ने मरीजों और चिकित्सा स्टाफ से चर्चा कर दवाइयों, उपचार, टीकाकरण और प्रसूति योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने एएनसी पंजीयन की नियमित मॉनिटरिंग और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण में राशन वितरण पंजी नियमानुसार संधारित नहीं पाए जाने पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता को सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

महिला समूह के कार्यों की सराहना

संभागायुक्त ने शक्ति महिला आजीविका ग्राम संगठन की मिलेट कुकीज बेकरी यूनिट का भी अवलोकन किया। यहां कोदो, कुटकी, रागी और अन्य मोटे अनाज से उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने महिला समूह के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग और बिक्री के लिए आवश्यक प्रबंधन करने के निर्देश दिए।

नवरात्रि मेले में मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत, 15 जोड़ी ट्रेनों का होगा अस्थायी ठहराव

जबलपुर। नवरात्रि मेले के दौरान मैहर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत 11 से 22 अक्टूबर 2026 तक मैहर स्टेशन पर 15 जोड़ी रेलगाड़ियों को पांच मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इससे मैहर में मां शारदा के दर्शन के लिए आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।



रेल प्रशासन के अनुसार, इस व्यवस्था के अंतर्गत लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा, चेन्नई-छपरा, वलसाड-मुजफ्फरपुर, कोल्हापुर-धनबाद, एलएलटी-रक्सौल, दुर्ग-नौतनवा, पुणे-गोरखपुर, पूर्णा-पटना, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची, बांद्रा टर्मिनस-पटना, पुणे-बनारस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी तथा सूरत-छपरा एक्सप्रेस के दोनों दिशाओं में चलने वाली ट्रेनों को निर्धारित तिथियों पर मैहर स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। इन ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया है। कुछ ट्रेनों को चुनिंदा तिथियों पर, जबकि अन्य को निर्धारित अवधि के दौरान अस्थायी ठहराव मिलेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की तारीख और समय की पुष्टि अवश्य कर लें।

वाहन चोरों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 10 लाख के 9 वाहन बरामद

जबलपुर। गोहलपुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक युवक और दो विधि-विवादित बालकों को पकड़ा है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर करीब 10 लाख रुपये कीमत के 9 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए। आनंद नगर बस स्टॉप के पीछे बिना नंबर की यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल के साथ संदिग्धों के खड़े होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा। पूछताछ में सिविल लाइन क्षेत्र से बाइक चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर अहमद नगर की झाड़ियों में छिपाकर रखे गए आठ अन्य वाहन भी बरामद हुए। ये वाहन गोहलपुर, लॉर्डगंज, ओमती, ग्वारीघाट, कोतवाली और सिविल लाइन क्षेत्रों से चोरी किए गए थे। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. आयुष जाखड़ एवं सीएसपी शुभम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रितेश पांडे और उनकी टीम ने की।

बडेरा कला के आदिवासी क्षेत्र के बच्चों की सुरक्षा खतरे में

तीन साल से जर्जर स्कूल भवन की समस्या बरकरार, कब जागेगा शिक्षा विभाग?

एक हॉल में तीन कक्षाओं के विद्यार्थी पढ़ने को मजबूर

पनागर। जनपद पंचायत पनागर के अंतर्गत संकुल केंद्र कुशनेर की ग्राम पंचायत बडेरा कला स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का भवन करीब तीन वर्षों से जर्जर हालत में है। ग्रामीणों के अनुसार, भवन की छत और छज्जों से प्लास्टर गिरता है। इस संबंध में कई बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

एक हॉल में तीन कक्षाओं की पढ़ाई

सुरक्षित कक्षों की कमी के कारण कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शासकीय हाई स्कूल उमरिया पठरा में भी बच्चों को बैठाया गया, जहां एक ही हॉल में तीन कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ना पड़ता है। शाला प्रभारी ज्योति कोल के अनुसार, कई बार बच्चों को पेड़ के नीचे बैठाकर भी पढ़ाना पड़ता है। शाला प्रभारी ज्योति कोल, हेमराज दुबे एवं शैलेंद्र प्रजापति से संबंधित जानकारी के अनुसार, भवन की स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निरीक्षण और पंचनामा तैयार होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।







दुर्गा गोटिया ने जताई चिंता, नए भवन की मांग

समाजसेवी दुर्गा गोटिया ने बडेरा कला एवं डोंगर बडेरा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों के बच्चों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। गीता गुप्ता, दुर्गा कोल, बलराम सिंह, हर्ष गिरी, ममता, गुड्डी कोल, गीता ठाकुर, अमर सिंह, पूनम बाई, संध्या कोल और पार्वती बाई सहित अन्य ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने भी चिंता जताई। उन्होंने जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और संबंधित विभाग से भवन की तत्काल तकनीकी जांच कराने, बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक कक्ष उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता के अनुसार पुराने भवन को हटाकर नए विद्यालय भवन के निर्माण हेतु स्वीकृति और बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन वर्षों से लंबित समस्या पर अब केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

मझौली में शांति समिति की हुई बैठक नवरात्रि पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के निर्देश



मझौली। शारदीय नवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने थाना मझौली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार मझौली ने की। इसमें थाना प्रभारी अपूर्वा चौरसिया, नगर परिषद, राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा दुर्गा पंडाल समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सभी समितियों को प्रशासन से विधिवत अनुमति लेने, विद्युत सुरक्षा, अग्निशमन, भीड़ नियंत्रण और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट से बचने तथा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और स्वयंसेवक तैनात रखने को कहा गया। नगर परिषद द्वारा निर्मित नरिला तालाब कुंड में ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी अपूर्वा चौरसिया ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी।

आईटीआई परीक्षा में रिंकी प्रदेश में प्रथम

सिहोरा। शासकीय आई टी आई कुण्डम की कोपा व्यवसाय की प्रशिक्षणार्थी रिंकी झारिया ने एस सी व्ही टी परीक्षा 2026 में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी प्रिया द्विवेदी,संस्था प्रमुख अंजनी कुमार द्विवेदी एवं संयुक्त संचालक जबलपुर डॉ अर्पित शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थी को बधाई प्रेषित की हैं। रिंकी कुण्डम ब्लॉक की बडखेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम डूंडा की रहने वाली है।



सेवा संकल्प अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत पूर्व विधानसभा के महर्षि महेश योगी वार्ड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने गार्डन में वृहद वृक्षारोपण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम की विशेष पहल के तहत प्रत्येक पौधे की देखरेख और संरक्षण के लिए केयरटेकर निर्धारित किए गए, ताकि पौधों का नियमित संवर्धन सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, प्रणीत वर्मा, चित्रकांत शर्मा, वार्ड पार्षद अंजना मनीष अग्रहरि, पार्षद विमल राय, महेश राजपूत, कार्यक्रम प्रभारी संतोष जायसवाल, सुभाष शुक्ला, पंकज शुक्ला, दुर्गा उपाध्याय, अर्चना पटेल, सुमन यादव, पूजा राठौर, दुर्गा पटेल, रजनी सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित राय, कैलाश चक्रवर्ती, अनिल चौहान, अनूप पैग्वार, आशीष पटेल, अजय अधिकारी, मुरली दुबे, पंकज सोनी, मनीष अग्रहरि, धनंजय मारदीकर एवं रिंकू श्रीवास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।





नवरात्रि से पहले हरदुली बाजार की व्यवस्थाएं सुधारने व्यापारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

बरगी। नवरात्रि पर्व से पहले हरदुली बाजार की समस्याओं के निराकरण को लेकर नवगठित बाजार व्यापारी संगठन सक्रिय हो गया है। बाजार की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग को लेकर संगठन ने ग्राम पंचायत हरदुली के सरपंच एवं सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाजार में सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगवाने, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने तथा आवश्यकता के अनुसार नई स्ट्रीट लाइटें लगवाने सहित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि नवरात्रि के दौरान बाजार में श्रद्धालुओं और ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षा, स्वच्छता और रोशनी की बेहतर व्यवस्था होना आवश्यक है। इस अवसर पर व्यापारी संगठन के अध्यक्ष नितिन जैन, संरक्षक देवी शुक्ला, पप्पू भाईजान एवं मकसूद खान, उपाध्यक्ष राकेश अवधिया एवं राजेश चौकसे, महासचिव परवेज खान, सचिव शुभम अवधिया, कोषाध्यक्ष उमेश राजपूत, कैलाश पटेल, मीडिया प्रभारी भेजम सिंह, शिवम अवधिया, बेनी साहू, संतोष नागले, बल्लू साहू, इमरान खान, दीपक नेमा, मुन्नी बाई, रीना तेकाम, राजेश पटेल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

बाजारों और दुर्गा पंडालों में सजावट की चमक बढ़ी

मातारानी के अनुपम श्रृंगार को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

सिहोरा। शारदीय नवरात्रि की आहट के साथ ही नगर में देवी आराधना की तैयारियां तेज हो गई हैं। मां दुर्गा के स्वागत के लिए सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियां पंडालों को सजाने में जुटी हैं, वहीं मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इससे नगर में नवरात्रि का माहौल बनने लगा है।

मिट्टी की प्रतिमाओं में उकेर रहे आस्था के रंग

मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं के चेहरे के भाव, आभूषण, बनावट और सजावट पर बारीकी से काम कर रहे हैं। रंग-रोगन के साथ प्रतिमाओं को आकर्षक रूप दिया जा रहा है।



पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक कला को सहेजते हुए कलाकार अपनी मेहनत, अनुभव और श्रद्धा से प्रतिमाओं का श्रृंगार कर रहे हैं।

कई क्षेत्रों में प्रतिमाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप

नगर में रेस्ट हाउस के समीप, पुराने बस स्टैंड, चौपड़ा मोहल्ला, बाबाताल और खितौला रोड सहित विभिन्न स्थानों पर मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वहीं दुर्गा पंडालों में भी सजावट की तैयारियां जारी हैं। नवरात्रि शुरू होते ही मंदिरों और पंडालों में मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।



तहसील न्यायालय को दलाल-मुक्त बनाने अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

मझौली। तहसील अधिवक्ता संघ मझौली ने अध्यक्ष एवं सचिव के माध्यम से कलेक्टर, जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर तहसील न्यायालय में पारदर्शिता, मूलभूत सुविधाएं और दलाल-मुक्त व्यवस्था लागू करने की मांग की। संघ ने पांच सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं के प्रकरणों की प्राथमिकता से सुनवाई, प्रतिदिन की कॉज लिस्ट चस्पा करने, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के कार्यों के लिए सप्ताह में दो दिन निर्धारित करने तथा न्यायालयीन आदेशों की सात दिन में फीडिंग और अभिलेखीय कार्रवाई पूरी करने की मांग की गई। साथ ही न्यायालय में केवल पक्षकारों और अधिकृत अधिवक्ताओं को पैरवी की अनुमति देने तथा अनाधिकृत व्यक्तियों पर रोक लगाने की मांग की गई। संघ का कहना है कि इन व्यवस्थाओं से न्यायालयीन कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और आमजन को समय पर न्याय मिल सकेगा। ज्ञापन के दौरान अधिवक्ता संघ के एन.डी. भट्ट, सुनील नामदेव, अरविंद कोष्टा, सुनील गर्ग सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

धान पंजीयन कराने किसान हो रहे परेशान

फार्मर आईडी में अधूरे रकबे और गिरदावरी नहीं होने से बढ़ी मुश्किलें, पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग

सिहोरा। खेती को लाभ का धंधा बनाने के दावों के बीच धान उपार्जन पंजीयन में आ रही समस्याओं से किसान परेशान हैं। किसानों के अनुसार, फार्मर आईडी में कहीं अधूरे रकबे प्रदर्शित हो रहे हैं, तो कई खेतों की गिरदावरी नहीं हुई है। पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक होने से किसान चिंतित हैं।

समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें छूटे हुए खसरों की गिरदावरी कराने, फार्मर आईडी में छूटे खसरे जोड़ने तथा सोसायटी ऑपरेटर की आईडी में खसरे जोड़ने और पंजीयन संबंधी त्रुटियों में सुधार का विकल्प शुरू करने की मांग की गई।

इसके अलावा सिकमीनामा एवं ट्रस्ट की जमीन का पंजीयन सोसायटी ऑपरेटर की आईडी से कराने तथा पंजीयन में नहीं दिख रहे खसरों को जोड़ने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने धान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर करने की मांग की है। उनका कहना है कि तकनीकी और राजस्व संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ, तो कई किसान धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने से वंचित रह सकते हैं।

गंगाराम गुप्ता तहसील अध्यक्ष नियुक्त



सिहोरा। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एच पी उरमलिया की अनुशंसा पर प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी की सहमति से गंगाराम गुप्ता को नगर पालिका सिहोरा के पंप अटेंडेंट तृतीय श्रेणी कर्मचारी सेवानिवृत्त के प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन का तहसील अध्यक्ष एंव जयप्रकाश तिवारी,राजकुमार पटेल को सचिव नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर ओंकार प्रसाद गर्ग,अनिल दाहिया,जी डी सुहाने,बिनोद कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी प्रसाद गर्ग,हर प्रसाद श्रीवास्तव,भारतीय पहारिया,जे एस ठाकुर, रामकिशन ठाकुर,आर पी दुबे,शिवकुमार झारिया, अनिल खम्परिया,ए डी राय,डी पी तंतवाय, राजाराम तंतवाय, शिवकुमार तंतवाय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

मदनमहल–रीवा इंटरसिटी की लेटलतीफी से यात्री बेहाल

समय-सारणी बदलने के बाद बिगड़ी चाल, नाम सुपरफास्ट और रफ्तार पैसेंजर जैसी

सिहोरा। मदनमहल–जबलपुर–रीवा इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22189/22190) की लगातार लेटलतीफी से दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना और रीवा के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग नौकरी, व्यापार, शिक्षा और इलाज के लिए सफर करते हैं।यात्रियों के अनुसार, 17 अगस्त 2026 से लागू नई समय-सारणी के बाद भी ट्रेन की चाल में सुधार नहीं हुआ। निर्धारित समय के मुताबिक गाड़ी संख्या 22189 मदनमहल से शाम 5 बजे और जबलपुर से 5:15 बजे रवाना होकर रात 9:22 बजे रीवा पहुंचती है। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 22190 रीवा से सुबह 5:45 बजे चलकर 10:07 बजे मदनमहल पहुंचने के लिए निर्धारित है।

लोकल ट्रेनों को प्राथमिकता देने का आरोप

यात्रियों का आरोप है कि मार्ग में लोकल और अन्य ट्रेनों को प्राथमिकता देने के कारण इंटरसिटी को आउटर, सिग्नल या लूप लाइन पर रोक दिया जाता है। इससे ट्रेन घंटों विलंब से चलती है। यात्रियों ने रेलवे के परिचालन और लाइन प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए समय पर ट्रेन चलाने की मांग की है।

देर रात पहुंचने से बढ़ी परेशानी

शाम की इंटरसिटी के अक्सर रात 11 बजे या उसके बाद रीवा पहुंचने से ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को घर पहुंचने में दिक्कत होती है। वहीं नौकरीपेशा अप-डाउनर्स भी परेशान हैं। ट्रेन की देरी से वे न तो समय पर कार्यालय पहुंच पाते हैं और न ही निर्धारित समय पर घर लौट पाते हैं। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से ट्रेन का परिचालन नियमित करने और लेटलतीफी दूर करने की मांग की है।



श्रीमती गायत्री गुप्ता- मदनमहल निवासी श्री राजेंद्र गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री संतोष कुमार तिवारी- नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री कैलाश प्रसाद तिवारी के पुत्र श्री संतोष कुमार तिवारी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शकुन बाई साहू- खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री कुंजी लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई साहू (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती यशोदा बाई- रामनगर रामपुर निवासी श्री राम सिया की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रोशनी बेन- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री हुकुम बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रोशनी बेन (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती विमला तंतुवाय- नर्मदा एवेन्यू गोरखपुर थाने के पास निवासी श्री कन्हैया लाल तंतुवाय की धर्मपत्नी श्रीमती विमला तंतुवाय (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मुन्नी बाई साहू- सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मंगल प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई साहू (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री खेमचंद बेन- रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री खेमचंद बेन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिवम दुबे- शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री दिनेश दुबे के पुत्र श्री शिवम दुबे (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बेलारानी हेश- बिलहरी निवासी श्री एसआर हेश की धर्मपत्नी श्रीमती बेलारानी हेश (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अनिकेत साहू- खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री अरूण साहू के पुत्र श्री अनिकेत साहू (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री पूरन लाल केवट- गुप्ता मोहल्ला दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्री पूरन लाल केवट (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कंधी लाल चक्रवर्ती- शीतलामाई कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री कंधी लाल चक्रवर्ती (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती विमला देवी शुक्ला- न्यू राम नगर अधारताल निवासी श्री राम किशन शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती विमला देवी शुक्ला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री देवराज बेन- लालमाटी द्वारकानगर झामनदास चौक के पास निवासी श्री देवराज बेन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शांति सिंह- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मोहन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शांति सिंह (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बबली दाहिया- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री निरंजन दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती बबली दाहिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री लक्ष्मण रजक- इंद्रा नगर बिलपुरा व्हीकल निवासी श्री लक्ष्मण रजक (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बाबा सोनकर- छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री बाबा सोनकर (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बिट्टन देवी गुप्ता- छोटी ओमती निवासी श्री नवल किशोर गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती बिट्टन देवी गुप्ता (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गोकुल दास वर्मा- सिद्धबाबा छोटी खेरमाई के निकट निवासी श्री गोकुल दास वर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रमा शंकर सिंह- मड़ई व्हीकल निवासी श्री रमा शंकर सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्घाटन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलाम से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&ब्लाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x3 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

सिंधिया ने कहा, एक खास कंपनी की काफी चर्चा हो रही

संचार मंत्री की मस्क के आरोपों के बीच यह टिप्पणी

भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता : सिंधिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता। उन्होंने कहा कि एक ''खास'' कंपनी की काफी चर्चा हो रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि तीन कंपनियों को उपग्रह संचार (सैटकॉम) लाइसेंस मिल चुके हैं और वे सुरक्षा संबंधी शर्तों तथा निर्धारित लक्ष्यों को अलग-अलग पूरा करने के बाद परिचालन शुरू कर सकती हैं। उपग्रह संचार सेवाओं को लेकर जारी विवाद और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के आरोपों के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है।

तीन कंपनियों को उपग्रह संचार का लाइसेंस मिल चुका

भारत प्रौद्योगिकी के मामले में तटस्थ

सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता। मंत्री ने यहां 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' में कहा, ''मैं स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं। दूरसंचार विभाग के लिए हम प्रौद्योगिकी के मामले में तटस्थ हैं। हमारा काम हर ग्राहक को सेवाओं के व्यापक विकल्प उपलब्ध कराना है। खुले बाजार में ग्राहक को यह चयन करना होगा कि वह कौन-सी सेवा पसंद करता है और उन विकल्पों में से किस कंपनी की सेवा लेना चाहता है।''



लाइसेंस केवल तीन कंपनियों को मिले हैं

सिंधिया ने कहा कि मस्क की स्टारलिंक, रिलायंस जियो की उपग्रह सेवा इकाई जियो सैटकॉम और भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब को लाइसेंस मिल चुके हैं। वहीं, अमेजन की कुइपर ने इस क्षेत्र में रुचि दिखाई है और उसे निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना होगा। मंत्री ने कहा कि एक खास कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन सैटकॉम के लाइसेंस तीन सेवा प्रदाताओं को मिले हैं।

ट्राई और सैटकॉम अंतिम निर्णय के करीब

संचार मंत्री ने कहा कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और दूरसंचार विभाग 'सैटकॉम स्पेक्ट्रम' की मूल्य निर्धारण व्यवस्था पर अंतिम निर्णय के करीब हैं। राहुल गांधी और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हुई बातचीत की पृष्ठभूमि में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा, ''जहां तक कांग्रेस पार्टी की बात है, मुझे नहीं लगता कि उसे खुद पता है कि वह बाएं जा रही है या दाएं।''

कांग्रेस को शुरुआत में खास व्यक्ति पर आपत्ति थी

सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस को शुरुआत में ''एक खास व्यक्ति को लाइसेंस मिलने पर आपत्ति थी और अब उसे इस बात पर आपत्ति है।''

जीएसटी चोरी पर सजा के प्रावधान में बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी) ने जीएसटी संबंधी अपराधों के लिए अधिकतम पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान किया है। इसके तहत सजा के प्रावधान को 'कैद और जुर्माने' से बदलकर 'कैद या जुर्माना या दोनों' कर दिया गया है। इसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के मामलों में अधिकतम सजा को तर्कसंगत बनाते हुए पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों



वाली जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में पांच करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 10 करोड़ रुपये से कम की कर चोरी के मामलों में दो साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा को मंजूरी दी गई। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) में कहा कि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने की स्थिति में भी कैद की सजा देना अनिवार्य नहीं होगा। सीबीआईसी ने कहा, ''सजा के प्रावधान को 'कैद और जुर्माने' से बदलकर 'कैद या जुर्माना या दोनों' करने का प्रस्ताव है, ताकि सजा तय करने में अदालत को विवेकाधिकार मिल सके।''धारा 132 (3) के तहत कम-से-कम छह महीने की कैद देने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है, ताकि अदालत को सजा तय करने में विवेकाधिकार मिल सके।

कार्यालय नगरपालिक परिषद, गाडरवारा जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)
(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail- cmogadarwara@mpurban.gov.in

पत्र क्र 1236/ई-टेण्डर/2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // गाडरवारा दिनांक-08/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

सं. क्र.	टेण्डर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एव ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
01.	2026_UAD_533397_1 09.10.2026	अधिवक्ता संघ कार्यालय के ऊपर 10 किलोवाट का सोलर पेनल सिस्टम प्रदाय सह लगाने का कार्य। (स्पेशिफिकेशन अनुसार)	01 माह 500000.00	2000.00 5000.00	27/10/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा।

श्री पं. शिवाकांत मिश्रा, अधयक्ष, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा | श्री सुरेन्द्र गूजर, सभापति, लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा | श्रीमति रितु मेहरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

आईटी शेयरों की अगुवाई में लौटी तेजी, सेंसेक्स 879 अंक चढ़ा

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 879.09 अंक बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,075.96 अंक चढ़कर 72,669.20 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी का शेयर 4.78 प्रतिशत चढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.23 प्रतिशत की तेजी आई। टीसीएस का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने आगे भी वृद्धि की गति बने



रहने का संकेत दिया है। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख लाभ में रहे। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.32 प्रतिशत गिरकर 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल की तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर खरीदारी आने और शॉर्ट कवरिंग के लिए की गयी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में राहत की तेजी आई।

बाजार बढ़त बनाने में सफल रहा

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 562.63 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि एनएसई निफ्टी ने 98.5 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की तेजी हासिल की। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी।

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया से आईटी शेयरों को समर्थन मिला। इसके अलावा बैंकिंग, एफएमसीजी और वाहन कंपनियों के शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। ब्रेंट क्रूड भी हाल के उच्च स्तर से नीचे आ गया।/" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

NOTICE INVITING TENDER

System Tender No. 2026_MPHID_541870

Online tenders are invited for Supply and Installation of DG Set at Chhoti Omti, Jabalpur. PAC : Rs. 16,51,892/- up to **21.10.2026.** for other details please visit **https://www.mptenders.gov.in.**

(P.K. Tamrakar, E.E. Elect.)
Division Electrical, Jabalpur
Phone : 0761-3171243
Mob. : 9406912041

M.P. Madhyam/128500/2026

कार्यालय-सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पातल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डिण्डौरी (म.प्र.)

क./ अस प्र0/2026/02 डिण्डौरी दिनॉक 05/10/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डिण्डौरी मे ऑक्सीजन रिफिलिंग के लिए निविदा क्रमाक -02 दिनॉक - 05/10/2026 ऑनलाईन ई निविदा क्रमाक 2026_DHS_539797_1 आमंत्रित की जाती है। टेण्डर डॉक्यूमेंट जिसमें शार्तो का उल्लेख है का अवलोकन वेबसाइट hhtps://www.mptender.gov.in मे किया जाकर निविदा दस्तावेज अपलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा दिनॉक 10/10/2026 को प्रात 11बजे से दिनॉक 30/10/26 शाम 4.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है । निविदा फार्म राशि रू 1000/- एवं ईएमडी राशिरू 50000/- ऑनलाईन जमा कर छायाप्रति तकनीकी प्रस्तुत मे संलग्न किया जाना आवश्यक होगा । निविदा दिनॉक 02/11/2026 को जिला क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी जिसमे निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते है । निविदाओ को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला क्रय समिति को होगा ।

निविदा मे संशोधन की स्थिति मे बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। जिसका पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नही दिया जावेगा । विस्तृत आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पातल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय डिण्डौरी (म.प्र.)

G-19749/26

पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई.निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-195-2026 दिनांक 30.09.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में सतना – मानिकपुर एवं सतना – रीवा सेक्शन पर यार्ड सुधार कार्य के संबंध में यार्ड में नालियों का निर्माण। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 9,65,51,147/- **बयाना राशि रुपये** : 19,31,000/- **समापन अवधि** : 18 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** : 27.10.2026, **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे** : 27.10.2026 **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-196-2026 दिनांक 30.09.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार में सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना उप–मंडल के अधीन गोविंदगढ़ – बघवार – रामपुर नैकिनखंड में विविध शेष कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 5,53,26,701/- **बयाना राशि रुपये** : 11,06,500/- **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** : 27.10.2026, **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे** : 27.10.2026 **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-197-2026 दिनांक 01.10.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर खंड के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीकरण कार्यों के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 60 केग्रा/90 यूटीएस/आर260 रेल इन–सीटू की वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 1,07,38,981/- **बयाना राशि रुपये** : 2,14,800/- **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** : 27.10.2026, **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे** : 27.10.2026 **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-198-2026 दिनांक 01.10.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : कटनी–मानिकपुर एवं झुकेही–कैमोर खंड में समपार फाटकों पर शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 65,64,331/- **बयाना राशि रुपये** : 1,31,300/- **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** : 27.10.2026, **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे** : 27.10.2026 **निविदा सूचना क्रमांक** : डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-199-2026 दिनांक 01.10.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह उप–मंडल के अंतर्गत दमोह डिपो पर रेलवे के ट्रैक बैलास्ट स्पेसिफिकेशन IS/RDSO-GE/0001:2023 के अनुसार 65mm मशीन–क्रश्ड, कठोर और टिकाऊ ट्रैक्स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग; इसमें समी लीड, लिफ्ट, टैक्स, रॉयल्टी, ड्यूटी आदि शामिल हैं। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 6,34,80,480/- **बयाना राशि रुपये** : 12,69,600/- **समापन अवधि** : 18 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे** : 27.10.2026, **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे** : 27.10.2026 उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग बिलासपुर वनमंडल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है ।

डिपो का नाम - विक्रय काष्ठगार कोटा, नीलाम दिनांक -16.10.2026, समय- 9:00 बजे प्रातः से
वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

क्रं.	प्रजाति	नया			पुराना				
		लट्ठा	बल्ली/खूंटा	जलाऊ	लट्ठा	बल्ली/खूंटा	जलाऊ	व्यापारी/औ. बांस	
		घ.मी.	नग	चट्टा	घ.मी.	नग	चट्टा	नग	नो.टन
1	सागौन	32.000	1245	-	361.886	7658	-	-	-
2	साल	11.700	18	-	104.480	112	-	-	-
3	बीजा, तिंसा, शीशम	-	-	-	52.093	153	-	-	-
4	साजा	-	19	-	50.662	438	-	-	-
5	अर्जुन	11.200	-	-	15.488	-	-	-	-
6	हल्दू/ मुढ़ी,	0.400	-	-	225.572	162	-	-	-
7	खम्हार	-	-	-	8.467	472	-	-	-
8	धावड़ा	-	-	-	9.586	370	-	-	-
9	सलई	-	-	-	2.189	-	-	-	-
10	अन्य	60.500	360	-	412.535	7100	-	-	-
11	जलाऊ	-	-	09	-	-	967.5	-	-
12	व्या. बांस	-	-	-	-	-	-	1691	3.561
13	निरस्त लॉट	-	-	-	6.001	-	-	-	-
	योग:-	115.800	1642	09	1248.959	16465	967.5	1691	3.561

टीप:- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है (3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रस पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वन मंडलाधिकारी
जी-262703869/2 "स्वच्छता ही सेवा" बिलासपुर, वनमण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

सोना 1,900 रुपए मजबूत, चांदी में भी 4,500 रुपए की तेजी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,900 रुपये चढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा मजबूत होने के कारण सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10



ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी।

चांदी की कीमत में भी गिरावट का सिलसिला थम गया और यह 4,500 रुपये बढ़कर 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को चांदी 3,000 रुपये टूटर थी, जबकि सप्ताह के शुरुआती तीन कारोबारी सत्रों में यह स्थिर रही थी।

ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख, गौरव गर्ग ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर हाल के उच्च स्तर से नीचे आया, जिससे महंगाई को लेकर चिंताओं के बावजूद कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला और सोने के भाव में तेजी आई।''

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल–एल–टी–नं. 21–2026R, दिनांक 29.09.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** WCR जबलपुर डिवीज़न में 5 साल की अवधि के लिए कुल 6 लिफ्टों के लिए कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (CAMC): सेंट्रल हॉस्पिटल (1), NU स्टेशन (2), रीवा स्टेशन (1) और दमोह स्टेशन (1) में लगी 15 यात्रियों वाली 5 लिफ्ट (Thyssen मेक) और सेंट्रल हॉस्पिटल (1) में लगी 8 यात्रियों वाली 1 लिफ्ट (Thyssen मेक)। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 1,01,96,648.74/– **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 0.00 **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर. **बयाना राशि:** ₹ 2,03,900.00/– **समापन अवधि:** 60 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** (15.00 बजे तक): 21/10/2026 **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** (15.30 बजे तक): 21/10/2026 **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल–एल–टी–नं. 27–2026, दिनांक 01.10.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर डिवीज़न में इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और इलेक्ट्रिकल सुधार के काम: (i) REWA–रीवा डिपो में व्हील लेथ लगाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर (ii) ADEN (SGO) सब–डिवीज़न के तहत SGO रनिंग रूम का विस्तार (70 अतिरिक्त बेड के साथ) (iii) JBP डिवीज़न में हाई मास्ट का नवीनीकरण, जिसमें ट्रांसफॉर्मर और DG सेट को दूसरी जगह लगाना शामिल है (iv) JBP डिवीज़न–REWA और MDB के लिए पिट लाइन नंबर 2 और 3 में कोच के रखरखाव के लिए 750 वोल्ट बिजली आपूर्ति व्यवस्था का अपग्रेडेशन (v) MML- मदन महल स्टेशन पर Quick Watering arrangement (vi) ADEN/HQ/JBP सब–डिवीज़न के तहत जबलपुर में रेल सौरभ कॉलोनी (फेज–1) में 10 यूनिट RB-V क्वार्टर (G+5) का निर्माण (vii) ADEN JBP सब–डिवीज़न के तहत अलग–अलग जगहों पर P.Way सुपरवाइज़र/ट्रैकमैन के लिए टॉयलेट के साथ टूल रूम की व्यवस्था (कुल 16) (viii) JBP डिवीज़न के RR, लॉबी, PCOR, CCCOR, TLC ऑफिस में RR AT सप्लाई, ऑयल–फिल्ड रूम हीटर और PC प्रिंटर की व्यवस्था/सुधार (ix) NKJ- मौजूदा ROH शेड के LUX लेवल में सुधार और यूटिलिटी व्हीकल रूम का निर्माण। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 9,21,18,913.76/– **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 0.00 **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर. **बयाना राशि:** ₹ 18,42,400.00/– **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** (15.00 बजे तक): 26/10/2026 **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** (15.30 बजे तक): 26/10/2026 **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल–एल–टी–नं. 28–2026, दिनांक 30.09.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** JBP डिवीज़न में प्रावधान/अपग्रेडेशन का काम: (i) ADEN/HQ/JBP सब–डिवीज़न के तहत पीने के पानी, साफ़–सफ़ाई, प्लेटफ़ॉर्म धोने, कोच में पानी भरने और यात्रियों के अन्य इस्तेमाल के लिए एक समर्पित और भरोसेमंद 24x7 WS (वॉटर सप्लाई) की सुविधा देना (ii) न्यू कटनी जंक्शन–NKJ मार्शलिंग यार्ड में दो नई एग्जामिनेशन लाइनों के लिए वेल्डिंग सुविधा और एग्जामिनेशन लाइट की व्यवस्था करना (iii) JBP और REWA डिपो के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार (iv) JBP डिवीज़न के विभिन्न स्टेशनों पर HT सब–स्टेशन की व्यवस्था करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 9,72,89,588.69/– **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 0.00 **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 19,45,800.00/– **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** (15.00 बजे तक): 23/10/2026 **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** (15.30 बजे तक): 23/10/2026. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

M.P. Online Help Line 0755-6720400

सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में यथास्थिति में बहुत कम कीमत में ऑफर के माध्यम से घर क्रय कर तुरंत आधिपत्य प्राप्त करने का सुनहरा अवसर (जहाँ हैं जैसे हैं के बहुत सस्ते घर)

प्रॉपर्टी फॉर सेल

क्र.	योजना का नाम एवं प्रकार	संपत्ति का प्रकार एवं क्रमांक	भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग मी./ प्रति भवन)	संपत्ति का अपसेट मूल्य (रु. लाख/ प्रति भवन)	धरोहर राशि (रु. लाख)	ऑफर पत्र का मूल्य (रुपये)
1.	36/50 Sr. MIG	Sr. MIG–79	112.50	56.50	18.69	373800/-	1180/-
2.	36/46 Jr. MIG-B	Jr. MIG-B-162	78.00	46.80	16.11	322200/-	1180/-
3.	80/89 EWS	EWS-277, 278, 284, 285, 288, 289, 290, 291, 292, 296, 297, 298, 306, 307, 310, 312, 313, 314, 315	40.50	24.60	8.03	160600/-	590/-
4.	15/100 EWS (I)	EWS-171	40.50	24.00	7.13	142600/-	590/-
5.	30/100 EWS	EWS-173	40.50	24.00	6.85	137000/-	590/-
6.	34/44 EWS	EWS-169, 189	32.40	20.88	5.62	112400/-	590/-
7.	34/44 EWS	EWS-168, 170, 171, 187, 188, 197, 199, 200	32.40	19.25	6.07	121400/-	590/-

प्रक्रिया एवं शर्तें :- (1) आवेदन एवं धरोहर राशि ऑनलाइन ही स्वीकार किया जावेगा। (2) पूर्ण राशि जमा कर विक्रयनामा पंजीकृत कराने के उपरांत ही भवन का आधिपत्य यथास्थित प्रदान किया जावेगा। (3) भवन का ऑफर स्वीकृत होने उपरांत शेष राशि एकमुश्त देय होगी। (4) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू रहेंगी एवं समय-समय पर मण्डल एवं शासन द्वारा जारी आदेश/परिपत्र हितग्राही पर बंधनकारी होंगे। (5) ऑफर स्वीकृति के उपरांत यदि आवेदक स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराते है तो धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के आवंटी को वापस की जावेगी। (6) भवन का लीजरेन्ट भूखण्ड की कीमत का 0.55 प्रतिशत, 15 वर्ष का अग्रिम एकमुश्त जमा करने पर 30 वर्ष का लाभ मिलेगा। (7) विज्ञापन तथा प्राप्त ऑफर किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित होगा, जिस पर किसी का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा। (8) धरोहर राशि ऑनलाइन/आर.टी.जी.एस. से जमा करने पर रजिस्टर मोबाइल पर बिड आई.डी. मिलेगी। (9) हितग्राहियों से अपेक्षा है कि संपत्ति का ऑफर डालने के पूर्व एक बार संपत्ति का अवलोकन अवश्य करें। (10) भवन यथास्थिति में विक्रय किये जा रहे हैं अत: इनमें किसी भी प्रकार की मरम्मत अथवा सुधार नहीं किया जावेगा एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार का वैधानिक दावा मान्य नहीं होगा। भूखण्ड फ्री-होल्ड कराने की प्रक्रिया मण्डल नियमानुसार लागू है।

क्र.	आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने हेतु अंतिम तिथि	ऑफर राशि (बिड) डालने हेतु अंतिम तिथि एवं समय	ऑफर खोलने की तिथि एवं समय
1.	**27.10.2026**	29.10.2026	30.10.2026 समय 3:00 बजे
2.	रिक्त रहने की स्थिति में पुन: 20.11.2026	23.11.2026	25.11.2026 समय 3:00 बजे
3.	रिक्त रहने की स्थिति में पुन: 21.12.2026	23.12.2026	24.12.2026 समय 3:00 बजे

संपर्क : संतोष ठाकुर (संपदा अधिकारी, प्रक्षेत्र जबलपुर) मो. 9424658909, देवेन्द्र बरकडे (सहायक यंत्री, उपसंभाग महाराजपुर जबलपुर) मो. 6268013808, मधुर द्विवेदी (उपयंत्री जबलपुर) मो. 6260330552, कंछेदी कोष्टा मो. 9303681448

संपत्ति अधिकारी
म.प्र. माध्यम/128491/2026 प्रक्षेत्र, धनवंतरी नगर जबलपुर

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

दवा कंपनियों को अगले वर्ष से आईटीसी की सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दवा कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 से मुफ्त नमूनों तथा उपयोग की अवधि समाप्त होने पर नष्ट किए गए या बट्टे खाते में डाले गए सामान पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ले सकेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने ब

चिंतन

जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसकी रक्षा के नाम पर आम जनता की जिंदगी को मुश्किलों में डाल देना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन करने, परीक्षाएं स्थगित करने, मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने तथा रेलगाड़ियों को रद्द करने जैसी तैयारियों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका के चलते लाखों नागरिकों को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शन करने वालों को भी देखना चाहिए कि उनके प्रदर्शन से आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो। एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे से जुड़ी है। उनकी मांगों से सहमति या असहमति अलग विषय है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे और किसी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से ले। समस्या तब पैदा होती है, जब उसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़े, जिनका प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में स्कूलों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं ऑनलाइन करने और गतिविधियां स्थगित करने का फैसला लिया। कॉलेजों की परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं। रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। उत्तर रेलवे के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेन रद्द की गईं। दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने का अनुरोध भी किया गया। इन फैसलों का सीधा असर विद्यार्थियों, अभिभावकों, नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और दिल्ली आने वाले यात्रियों पर पड़ना स्वाभाविक है। कई लोगों की यात्रा जरूरी हो सकती है, तो विद्यार्थियों की परीक्षाओं और पढ़ाई का अपना महत्व है। उनकी परेशानियों को केवल सुरक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी चिंता को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी चीज को रोकने के लिए उतनी ही कार्रवाई होनी चाहिए, जितनी आवश्यक हो।अदालत की यह टिप्पणी प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है कि सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि किसी इलाके में प्रदर्शन से यातायात प्रभावित होने की आशंका है, तो वहां अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात का वैकल्पिक मार्ग, सीमित क्षेत्र में प्रतिबंध और प्रदर्शनकारियों के लिए निर्धारित व्यवस्था जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर सवाल सिर्फ एक प्रदर्शन या एक दिन की असुविधा का नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली का है। प्रदर्शनकारी अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का अनावश्यक संकुचन न करे। यदि कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका से विद्यार्थियों की पढ़ाई, यात्रियों की आवाजाही और शहर की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं, तो प्रशासन को जवाब देना होगा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों पर्याप्त नहीं थे। जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन है? यह सवाल प्रदर्शनकारियों और प्रशासन, दोनों से पूछा जाना चाहिए।



उपलब्धि

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

'न्याय की देवी' को शांति का नोबेल

नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

भारत के लिए भी इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रसन्नता की बात है। नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। जब कानून निर्बलों की ढाल बनता है, जब न्याय सत्ता के भय से मुक्त होकर बोलता है और जब मानव-मर्यादा की रक्षा के लिए कोई व्यक्ति अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है, तब शांति केवल एक सुंदर कल्पना नहीं रहती, बल्कि मानव सभ्यता का जीवंत संकल्प बन जाती है।

नवनेथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा इसी संकल्प का वैश्विक उद्घोष है। नवी पिल्लई की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने शांति की परिभाषा को युद्धविराम, कूटनीतिक समझौतों और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने जीवन और कार्य से यह संदेश दिया कि वास्तविक शांति वहीं जन्म लेती है, जहां अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति को संरक्षण मिलता है, जहां पीड़ित को न्याय की आशा दिखाई देती है। यदि नवी पिल्लई के जीवन को देखें तो यह पता चलता है कि 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई का जीवन उस सामाजिक परिवेश में विकसित हुआ। वहां रंगभेद की नीतियां मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता को चुनौती देती थीं। उनका परिवार भारतीय मूल की उस प्रवासी विरासत से जुड़ा था, जिसने दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक संरचना में अनेक कठिनाइयों के बीच अपना स्थान बनाया। बचपन से ही असमानता और नस्लीय भेदभाव की वास्तविकताओं से परिचित होने के कारण उनके जीवन में न्याय का प्रश्न महज अकादमिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक अनुभव का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कानून को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और उसे अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वर्ष 1967 में उन्होंने डरबन में अपना स्वतंत्र कानूनी कार्यालय स्थापित किया। रंगभेद के दौर में राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का पक्ष लेना साहस की मांग करता था। नवी पिल्लई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी हुईं, जिनकी आवाज तत्कालीन व्यवस्था में अक्सर दबा दी जाती थी। संघर्ष की धरती से अंतरराष्ट्रीय सम्मान के शिखर तक उन्होंने उन्हीं दबे लोगों की आवाज़ बनकर कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला। नवी पिल्लई को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय इस विचार को रेखांकित करता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करना भी शांति स्थापना का एक अनिवार्य माध्यम है। सच में देखा जाए तो नवी पिल्लई का कार्य इसी अधूरेपन को दूर करने की दिशा में केंद्रित रहा है।



उनका विश्वास उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में रहा, जिसमें अपराध चाहे किसी व्यक्ति ने किया हो या किसी प्रभावशाली सत्ता के प्रतिनिधि ने, उसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनके लिए कानून केवल व्यवस्था बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने, भविष्य की हिंसा रोकने और मानवता के नैतिक विवेक को जीवित रखने का माध्यम रही है। इस दृष्टि से भी उनको नोबेल सम्मान सार्थक सोच का द्योतक है। निःसंदेह नोबेल समिति ने भी इस बात पर भी बल दिया है कि युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन की प्रभावी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आवश्यक है। जैसा कि सभी जानते हैं कि वर्ष 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नवी पिल्लई ने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्य किया है। इस पद पर उनकी भूमिका ने उन्हें दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता, समानता, भेदभाव, हिंसा और नागरिक गरिमा से जुड़े प्रश्नों पर काम करने का अवसर दिया। मानवाधिकार उच्चायुक्त का दायित्व केवल उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करना नहीं था अपितु संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की याद दिलाने और पीड़ितों के अधिकारों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में बनाए रखने की भी पहल शामिल रही हैं। पिल्लई के नेतृत्व में मानवाधिकारों का प्रश्न इस व्यापक विचार से जुड़ा रहा कि किसी व्यक्ति की गरिमा उसकी राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग, धर्म अथवा सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं हो सकती। मानवाधिकार किसी सरकार की कृपा से प्राप्त उपहार नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा से जुड़े अधिकार हैं। उनकी इस भूमिका का मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का कार्य अनेक बार जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में होता है। विभिन्न सरकारों और पक्षों के बीच मतभेद, आरोप-प्रत्यारोप तथा राष्ट्रीय हितों के टकराव के बावजूद मानवाधिकार संबंधी मानकों को प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं होता। नोबेल शांति पुरस्कार के संदर्भ में उनके इस योगदान का विशेष महत्त्व है, और कमेटी ने इसे समझा यह बहुत अच्छी बात है। महात्मा गांधी के आदर्श और नवी पिल्लई की न्याय-दृष्टि पर आज पूरे विश्व में विवेचनाएँ हो रही हैं। कहते हैं महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस के माध्यम से अन्याय का प्रतिरोध करने का मार्ग दिखाया था। उनका जीवन इस विचार का प्रतीक बना कि किसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हिंसा का सहारा लेना अनिवार्य नहीं है। सत्याग्रह की शक्ति इस विश्वास में निहित थी कि सत्य और न्याय के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा होना सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। पिल्लई ने कानून, न्यायिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही को मानवाधिकारों की रक्षा के महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया। शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की स्थापना भी है जिसमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर हो, पीड़ितों को न्याय मिल सके और प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो, नवी का यह स्वप्न रहा। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है।

जहां न्याय जीवित रहता है, वहीं शांति की संभावना जीवित रहती है, जहां मानव-मर्यादा सुरक्षित रहती है, वहीं सभ्यता का भविष्य उज्ज्वल होता है। मानें तो नवी पिल्लई के जीवन और उनके नोबेल सम्मान का आज यही सबसे सार्थक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

(लेखक सीयूपी में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

गौरव द्विवेदी



नारे जो राजनीति की जुबान बन गए

एक चाय, दो समोसा' से 'गरीबी हटाओ' और 'अबकी बार' तक, भारतीय राजनीति में कई बार लंबी-चौड़ी तकरीरों पर चार तुकबंदी वाले शब्द भारी पड़े हैं। हाल के जेन जी प्रदर्शनों में एक नारा सोशल मीडिया पर खूब सुनाई दिया-'एक चाय, दो समोसा, मर्दों का क्या भरोसा।' इसके अलग-अलग रूप भी वायरल हुए। नारे में तुक है, शरारत है, विरोध है और सोशल मीडिया के लिए जरूरी 'मीम वैल्यू' भी। पर नारे की यह राजनीति नई नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कभी नारे दीवारों पर लिखे जाते थे, जुलूसों में गूंजते थे, अब रील और हैशटैग बनकर वायरल होते हैं। भारतीय राजनीति में हमेशा से एक अच्छा नारा कई पन्नों के घोषणापत्र पर भारी पड़ता रहा है। नारा दरअसल राजनीति की कविता है-छोटी, तीखी और याद रह जाने वाली। लालबहादुर शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' इसका शायद सबसे शानदार उदाहरण है। चार शब्दों में सैनिक, किसान और राष्ट्र तीनों आ गए। इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' आया तो दो शब्दों में पूरी चुनावी लड़ाई की कथा खड़ी हो गई। आपातकाल के बाद विरोधियों ने नारों को हथियार बनाया और 1989 में वी.पी. सिंह के लिए 'राजा नहीं फकीर है, भारत की तकदीर है-जैसी पंक्तियां राजनीतिक माहौल का हिस्सा बनीं। उसी 1989 के चुनाव का एक दिलचस्प किस्सा राजस्थान के सीकर का है। कांग्रेस के दिग्गज और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के सामने चौधरी देवीलाल मैदान में थे। देवीलाल के समर्थन में नारा चला-'ताऊ पूरा तोलेगा, लाल किले से बोलेगा।' देवीलाल ने जाखड़ को 46,756 वोटों से हरा दिया। जाखड़ जैसे कद्दावर नेता की हार में एक और नारे ने आग में घी का काम किया-एक जलेबी दो समोसा, जाखड़ तेरा क्या भरोसा!!! यह कहना ठीक नहीं होगा कि जाखड़ केवल एक नारे से चुनाव हार गए। चुनाव इतने सरल नहीं होते। लेकिन उस एक लाइन ने देवीलाल की पूरी छवि बना दी-देसी, ताकतवर और दिल्ली को चुनौती देता 'ताऊ'। अच्छा चुनावी नारा यही करता है। वह उम्मीदवार का पूरा परिचय चार शब्दों में करा देता है। अमेठी का अपना 'स्लोगन राइटर' इस कला के दिलचस्प किरदार थे, अमेठी के अवधी कवि-पत्रकार और कांग्रेस नेता जगदीश पीयूष। राजीव गांधी और गांधी परिवार के करीबी रहे पीयूष ने 1984 में ही नारे दिए थे-'अमेठी का डंका, बिटिया प्रियंका' और 'अमेठी का बिगुल, बेटवा राहुल।' आज राजनीतिक पार्टियां करोड़ों रुपये खर्च करके विज्ञापन एजेंसियों, डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों और डेटा विशेषज्ञों से पंचलाइन बनवाती हैं। उस दौर में जगदीश पीयूष जैसे स्थानीय कवि और कार्यकर्ता यह काम कर देते थे। समाजवादी राजनीति में मुलायम सिंह यादव के साथ 'जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है' जैसी तुकबंदी जुड़ी। सपा के अलग-अलग चुनावों में 'यूपी में है दम..' से लेकर अखिलेश यादव को केंद्र में रखने वाले कई नारे आए। बसपा की यात्रा तो नारों के जरिए उसकी बदलती राजनीति भी समझा देती है। दलित अस्मिता की आक्रामक भाषा से आगे बढ़कर जब मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग की तरफ कदम बढ़ाया तो नारा भी बदल गया-'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' और 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है।' यानी कई बार नारा पार्टी की राजनीति बदलने के बाद नहीं बदलता, वह खुद उस बदलाव की घोषणा बन जाता है। बीजेपी ने आधुनिक चुनाव में इस कला को बाकायदा ब्रांडिंग में बदल दिया। अटल बिहारी वाजपेयी के लिए 'अबकी बारी, अटल बिहारी' की सहज तुक से लेकर 2014 के 'अबकी बार, मोदी सरकार' और बाद के 'मोदी है तो मुमकिन है' तक नारा चुनावी मार्केटिंग का केंद्रीय हिस्सा बन गया। कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' से लेकर 'कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ', बीजेपी के 'अबकी बार', बसपा के 'हाथी' तक एक बात समान है-भारत में राजनीति केवल पढ़ी नहीं जाती, बोली और सुनी भी जाती है। कई बार नारे फिसड्डी भी साबित होते है जैसे चौकीदार चोर है के कांग्रेसी चुनावी स्लोगन को जनता जनार्दन ने बुरी तरह नकार दिया। इसीलिए जेन जी भी नारे से दूर नहीं गई। उसने बस दीवार की जगह इंस्टाग्राम और जुलूस के साथ रील जोड़ दी है। 'एक चाय, दो समोसा..' उसी पुराने भारतीय राजनीतिक व्याकरण का नया डिजिटल संस्करण है। घोषणापत्र चुनाव के बाद फाइलों में चले जाते हैं। भाषण भी भुला दिए जाते हैं। मगर दशकों बाद भी 'जय जवान, जय किसान', 'गरीबी हटाओ', 'राजा नहीं फकीर है' या 'अबकी बार..' याद रह जाते हैं,क्योंकि राजनीति में भाषण बताता है कि नेता क्या कहना चाहता है, लेकिन नारा बताता है कि उसकी राजनीति जनता की जुबान पर किस तरह चढ़ी।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी एवं फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा कि लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और वे हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

चला गया पर्दे का दबंग और जिंदगी का फकीर

नाना पाटेकर का 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की आयु में गोवा स्थित आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारतीय सिनेमा ने 8 अक्टूबर को एक ऐसे कलाकार को खो दिया जिसकी पहचान केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने दमदार व्यक्तित्व, बेबाक आवाज और सादगी भरे जीवन के कारण भी थी। नाना पाटेकर का जाना हिंदी और मराठी सिनेमा के उस दौर का अवसान है जिसमें अभिनेता केवल चेहरे से नहीं, अपने अभिनय की ताकत से पहचाना जाता था। 1978 में फिल्म 'गमन' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले नाना ने लगभग पांच दशक के करियर में अलग-अलग रंगों के किरदार निभाए। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। - नरेश वत्स, रोहतक

ट्रेंड

बीजेपी की जीत



चार उपचुनावों में बीजेपी की जबरदस्त जीत! लोकतंत्र में शोर-शराबा तो कुछ समय के लिए ही गूंजता है, लेकिन जनता के फैसले की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। जनता का फैसला ही सबसे बड़ा जवाब है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

टाटा की विरासत



रतन टाटा का जीवन नेतृत्व, असाधारण उद्यमशीलता और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिभाषित था। उन्होंने दिखाया कि सफलता का असली पैमाना उन लोगों के जीवन पर डाला गया प्रभाव और पीछे छोड़े गए मूल्य हैं। उनकी विरासत भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

अर्थव्यवस्था का कंट्रोल



मोदी जी की आर्थिक नीति का मकसद अर्थव्यवस्था का कंट्रोल अपने पसंदीदा करीबी पूंजीपतियों को सौंपना है, ताकि बदले में बीजेपी मुनाफे में अपना हिस्सा बनाए रख सके। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की नींव को बर्बाद कर दिया है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

नवी पिल्लई को बधाई



जस्टिस नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के प्रति उनका जीवन भर का समर्पण उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।
- कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक तय करेंगे: कार्नी



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने क्यूबेक, अल्बर्टा और सस्केचेवान को देश से अलग होने की एलन मस्क की अपील को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक ही तय करेंगे। मस्क की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा, ''कनाडा का भविष्य यहां के नागरिक, उनकी प्राथमिकताएं और क्यूबेक के लोगों की आकांक्षाएं तय करेंगी।'' कार्नी ने कहा कि कनाडा के नागरिकों को अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें विदेशी सरकारों या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वे तय कर सकती हैं कि हमें क्या करना चाहिए।'' मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्यूबेक के भावी प्रीमियर पॉल सेंट-पियरे प्लामोंडोन से संबंधित एक पोस्ट पर टिप्पणी करके कनाडा में अलगाववाद की बहस को हवा दे दी थी। अलगाववादी विचारधारा वाली प्लामोंडोन की पार्टी 'पार्टी क्यूबेकॉस' ने सोमवार को प्रांतीय चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, पार्टी क्यूबेकॉस (पीक्यू) की जीत को क्यूबेक की स्वतंत्रता के पक्ष में जनादेश नहीं माना जा सकता। पार्टी को लगभग 28 प्रतिशत मत मिले और वह क्यूबेक के सदन में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।

ऑफ बीट

आखिर पानी गीला क्यों होता है?



बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो 'गीलापन' महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को 'आसंजन' (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु "गीली" है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे 'संसंजन' (कोहेज़न) कहा जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सुबाहू वध से अहिल्या उद्धार तक, पुष्प वाटिका में हुआ राम-सीता का प्रथम मिलन

गौरा पूजन में माता सीता ने मांगा मनोवांछित वर, राम-सीता के दिव्य मिलन से भावविभोर हुए श्रद्धालु

जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा, जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। शुभारंभ भगवान श्रीराम के पूजन से हुआ। लीला में भगवान श्रीराम ने सुबाहु का वध कर ऋषि-मुनियों को राक्षसों के आतंक से मुक्ति दिलाई। इसके बाद ऋषि विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण जनकपुरी की ओर चले। मार्ग में गौतम ऋषि के आश्रम में प्रभु श्रीराम के चरण स्पर्श से माता अहिल्या का उद्धार हुआ। इस मार्मिक प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

जनकपुरी पहुंचने पर प्रभु श्रीराम पुष्प वाटिका गए, जहां माता सीता गौरा पूजन के लिए पहुंचीं। माता गौरी ने प्रसन्न होकर उन्हें मनोवांछित वर प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। इसी दौरान पुष्प वाटिका में राम-सीता का प्रथम मिलन हुआ। इस दिव्य दृश्य ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

कलाकारों के सशक्त अभिनय ने जीता दर्शकों का दिल

निर्देशक राजेश मिश्रा के निर्देशन में राम की भूमिका में सूर्यांश शुक्ला, सीता की भूमिका में अम्बेश उपाध्याय, लक्ष्मण की भूमिका में नमन त्रिपाठी, विश्वामित्र की भूमिका में श्याम मिश्रा तथा जनक की भूमिका में नितिन पटेल ने प्रभावशाली अभिनय किया। पंडा प्रसंग में मोती शिवहरे एवं मुकेश मिश्रा के अभिनय को भी सराहना मिली।

इस अवसर पर संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एड.अरुण दीक्षित, लोकराम कोरी,राजेन्द्र प्यासी, केदारनाथ शर्मा, नीलेश चौबे, राजेश नेमा,राकेश मिश्रा, भूपेंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश पगारे, देवेंद्र मनोध्याय, अशोक बघेल 'दादा भाई', विद्या केवट, विनायक तिवारी, पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल, दीपक कोष्टा, नीरज दुबे, कैलाश नेमा, जितेंद्र सोनी, पंचम सोनी, व्यास माधव दुबे, सह-व्यास राकेश मिश्रा, गनपत कोष्टा सहित समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



10 अक्टूबर को होगा धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद

श्री रामलीला समिति गढ़ा द्वारा 10 अक्टूबर 2026, शनिवार को धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद की रोचक लीला का मंचन किया जाएगा। समिति ने समस्त रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लेने एवं प्रभु श्रीराम की दिव्य लीलाओं के साक्षी बनने की अपील की है।



भगवान को दुल्हा रूप में देख पुलकित हुए श्रद्धालु

धूम धाम से निकली गोविंदगंज रामलीला की राम बारात

जबलपुर। गोविंदगंज रामलीला की 162वीं श्रीराम बारात आज शुक्रवार शाम धूमधाम और श्रद्धामय वातावरण में निकली। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीरामबारात शायं सात बजे रामलीला प्रांगण से प्रारंभ हुई। नगर के जनप्रतिनिधि और विशिष्ठजन भगवान की पूजन-अर्चन कर बारात में शामिल हुए। बारात में सबसे पहले भगवान गनपति था। उसके बाद गुरुवर विश्वामित्र के साथ दूल्हा बने भगवान राम, अनुज लक्ष्मण, महाराज दशरथ के साथ भरत-शत्रुघन सहित कई धर्ममयी झांकियां शामिल होंगी। बारात में राधा कृष्ण की चलित झांकी ने सबका मन मोह लिया। बारात में भगवान शिव, ब्रह्मा विष्णु, महेश, सूर्य, इंद्र आदि देवी देवता शामिल थे। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, बल्देवबाग, चेरीताल, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न हुई।

निवाड़गंज में जनवासा- श्री तिवारी ने बताया कि परंपरा अनुसार पंचकोषी मंदिर निवाड़गंज में भगवान की बारात का जनवासा रहा। यहां की व्यवस्था नगर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा की गई। जनवासे में दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों का स्वागत किया गया। बारात का रास्ते भर स्वागत हुआ। यात्रा मार्ग के समस्त प्रतिष्ठान, आसाव में तोरण द्वार लगे थे। सभी ने प्रभु की झांकी का पूजन आरचन और स्वागत किया।

आउटसोर्स कर्मचारियों के समर्थन में 7-8 नवंबर को हड़ताल

जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की प्रांतीय बैठक 9 अक्टूबर को सहकारिता भवन स्थित मुख्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष के.डी. द्विवेदी (शहडोल) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर 7 और 8 नवंबर को हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। यूनियन ने कई वर्षों से सेवाएं दे रहे संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने, 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते के आदेश जारी करने तथा अतिरिक्त वेतन का भुगतान करने की मांग की। यूनियन के अनुसार, दीपावली भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष है। हड़ताल का नोटिस भी दिया जा चुका है। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष ओ.पी. सोनी, पन्नालाल, रवि सक्सेना, प्रबंधक अखिलेश नंदन तिवारी, एम.एल. चौकसे, संजय एडवर्ड, दिनेश चौधरी, जिला अध्यक्ष लल्लू पटेल, उमरिया के एस.के. तिवारी, मध्य प्रदेश विद्युत ट्रांसमिशन कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, श्री प्यासी, राजेंद्र सोंधिया और लालजी सोनी उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय पोषण माह में आयुष शिविरों से 2250 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना चौहान के मार्गदर्शन में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में आयुष शिविरों का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. अनुपमा वर्मा ने बताया कि 9 सितंबर से 8 अक्टूबर 2026 तक आयोजित कार्यक्रम की थीम "हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी" रही। जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुष औषधालयों एवं चिकित्सालयों में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।इस दौरान आंगनवाड़ियों में योग एवं ध्यान सत्र, खेलकूद और पोषण रैलियां आयोजित की गईं।



गर्भवती महिलाओं तथा बालक-बालिकाओं को पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। शिविरों के माध्यम से लगभग 2250 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। अभियान में आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन, आंगनवाड़ी केंद्रों में ताजा एवं पौष्टिक गर्म भोजन, सामुदायिक सहभागिता, बाल विकास एवं प्रारंभिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य सहायता पर विशेष जोर दिया गया। अभियान का उद्देश्य जनजागरूकता बढ़ाकर मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण स्तर में सुधार लाना रहा।

सूखा में 31 प्रतिमाओं का महासंगम

शतचंडी महायज्ञ 11 अक्टूबर से

जबलपुर। ग्राम सूखा (भारतपुर) स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 11 से 22 अक्टूबर तक भव्य धार्मिक आयोजन होगा। करमचंद चौक स्थित सिटी इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति ने बताया कि दश महाविद्या, नवदुर्गा, महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती सहित 31 प्रतिमाओं का महासंगम तथा शतचंडी महायज्ञ प्रमुख आकर्षण रहेंगे। समिति के नवलकिशोर दीक्षित ने बताया कि 11 अक्टूबर को कलश यात्रा एवं प्रतिमा स्थापना से आयोजन शुरू होगा। 18 अक्टूबर को अष्टमी पूजन और रात 8 बजे महाआरती होगी। 20 अक्टूबर को दुर्गा पाठ, हवन पूर्णाहुति और विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 अक्टूबर को दशहरा कार्यक्रम होगा। प्रतिदिन रात्रि में संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आचार्य पं. कन्हैया नंद शास्त्री शाम 4 से 6 बजे तक प्रवचन देंगे। शतचंडी महायज्ञ आचार्य पं. संदीप तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर दर्शन एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।





महाकोशल कॉलेज के 25 दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन ट्रस्ट, चेन्नई के सहयोग से 25 दिव्यांग विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए। ये विद्यार्थी महाविद्यालय के स्किल डेवलपमेंट रिसोर्स सेंटर में संचालित छह माह के ईएमईटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि लैपटॉप से विद्यार्थी अपने सीसीई एवं प्रोजेक्ट कार्य स्वयं तैयार कर जमा कर सकेंगे। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि महाकोशल कॉलेज प्रदेश का पहला महाविद्यालय है, जहां यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री राधाकृष्णन ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल देकर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में प्रोग्राम हेड सुश्री पूजा, टीम लीडर श्रीमती सुहास होल्कर, डॉ. राजीव मिश्रा, प्रशिक्षक राजीव गिरि, राजेश रंजीत, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, सुखदेव चैरसिया, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत सहित लगभग 30 दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चीनी मांझे में फंसे तीन पक्षियों को बचाया

जबलपुर। हाईकोर्ट परिसर में चीनी मांझे में फंसे तीन पक्षियों को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जीवनदान दिया। अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी की पहल पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी ने वन विभाग से संपर्क किया। इसके बाद शनि अहिरवार एवं उनकी टीम ने अभियान चलाकर तीनों पक्षियों को सुरक्षित बचाया। वहीं, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता सचिन गुप्ता के आकस्मिक निधन पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेंद्र सिंह, सचिव असीम त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वास पलिया, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, सह सचिव रुपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, लाइब्रेरी सचिव अजय शुक्ला तथा कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, अर्नव तिवारी, विभा पाठक, अतुल द्विवेदी, शांति तिवारी, अभिजीत सोनी, आरती शर्मा एवं वरुण दुबे शामिल रहे।



वीरगाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान

सैनिकों के त्याग और शौर्य के लिए देश कृतज्ञ : राकेश सिंह

जबलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत भंवरताल कल्चरल स्ट्रीट स्थित संस्कृति थिएटर में वीरगाथा एवं सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि सैनिकों के त्याग, शौर्य और समर्पण के लिए पूरा देश कृतज्ञ है। समारोह में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया गया। सांसद आशीष दुबे ने सैनिकों के साथ उनके परिवारों के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताया। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने भी राष्ट्र सेवा एवं सैनिक सम्मान पर विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास, ग्रुप कमांडर अमिताभ रावत, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, प्रवक्ता डॉ. वाणी अहलूवालिया, संदीप रजक, पंकज दुबे और अमित सोनू बचवानी सहित अभय सिंह ठाकुर, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, श्रीराम शुक्ला, संकल्प पाठक, मनीष जैन कल्लू, कौशल सूरी, सुंदर अग्रवाल, रवि शर्मा, कमलेश नामदेव, राजेश रोहरा, राघवेंद्र यादव, रंजीत ठाकुर, विंध्येश भांपकर, मोनू चौहान, महेश राजपूत, कुसुम चौबे, लवलीन आनंद एवं रविन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में 1100 औषधीय पौधों का रोपण

मंत्री राकेश सिंह ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जबलपुर। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में घुघरा जलप्रपात, लम्हेटा घाट क्षेत्र में समरसता भृगु औषधि वाटिका के अंतर्गत 1100 औषधीय पौधों का रोपण किया गया। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विधायक श्री नीरज सिंह, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री सुशील तिवारी 'इंटु', ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, महानगर जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर सहित जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया।

संगठन अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया जा रहा है तथा लगाए गए पौधों की सफलता दर लगभग 90 प्रतिशत है। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जेडीए अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने बताया कि औषधि वाटिका को अशोक वाटिका, लता वाटिका, नवग्रह वाटिका और दशमूल वाटिका के चार भागों में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है।



कार्यक्रम में श्री अखिलेश जैन, श्री रिंकू विज, श्री प्रशांत केसरवानी, श्री चतुर सिंह लोधी, श्री जगदीश दाहिया सहित अनिल तिवारी, भारत सिंह यादव, उदय परांजपे, रविकिरण साहू, रवि गुप्ता, कैलाश अग्रवाल बब्बा, पीके अग्रवाल, अनिल गुप्ता, मनीष खरे, अभय जैन, सुधीर बुधरानी, कुलदीप सिसोदिया, महेश तिवारी, ओमप्रकाश दुबे, संदीप पटेल, संजय साहू, डॉ. संजय चौधरी, अतुल मिश्रा, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, दीपक विश्वकर्मा, अमीरचंद सोनकर, आलोक पाठक, प्रदीप जायसवाल, सजल तिवारी, राजेश अग्रवाल, किशोर दुबे, अजय पटेल, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण दुबे, प्रनीत वर्मा, ह्रदेश राजपूत, अजय अरजरिया, श्रीराम शुक्ला, सारिका सेठ, श्वेता सिंह, संगीता विश्वकर्मा, इशिता शेखावत, सुधा तिवारी, संध्या सिंह, मालती व्यास एवं एडवोकेट सुनीता मरावी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

सूफियाना कलाम से महकी मदन महल दरगाह, कुल शरीफ के साथ उर्स संपन्न

जबलपुर। मदन महल पहाड़ी स्थित हजरत पीराने पीर गौस-ए-आजम की दरगाह शरीफ में आयोजित उर्स का समापन शुक्रवार को कुल शरीफ की रस्म के साथ हुआ। महफिल-ए-समा में दरबारी कव्वाल मोहित सुल्तानी और जमील बनारसी ने सूफियाना कलाम पेश किए। हजरत अमीर खुसरो के मशहूर कलाम 'आज रंग है' पर जायरीन झूम उठे। महफिल की सरपर

सज्जादानशीन बासित कादरी के विदाई कलाम ने माहौल भावुक कर दिया। सज्जादानशीन निजाम कादरी ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ की। इस अवसर पर हसनैनी हुसैनी सोसायटी ने विशाल लंगर-ए-आम आयोजित किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल, सचिव शेख राजिक और जिलाध्यक्ष समीर बाबा ने सक्रिय भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी, मतीन अंसारी, राकेश बाबा रांझी, अनीस खान बाबा, सूफी असर चिश्ती साबरी, वरुण बाबा, ऋषभ बाबा, रिजवान अली कोटी, टापू बाबा, रोहित केसरवानी, सहित सैकड़ों जायरीन उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत गोसलपुर
आम सूचना

सभी ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत गोसलपुर द्वारा बस स्टैंड के पास बनाई गई 05 दुकानों की खुली नीलामी की जाना है जिसमें आरक्षण प्रथम तल में ST -01 SC-01 OBC 01 एवं नीचे की 02 दुकान सामान्य केटेगरी की रहेगी। इन दुकानों की नीलामी दिनांक 22/10/2026 को 11:00 से ग्राम पंचायत भवन में की जाएगी। जिन भी प्रतिभागियों को हिस्सा लेना है। वह ग्राम पंचायत को पूर्व में सूचित कर दें। बोली लगाने हेतु रू 100000 की अमानत राशि होगी जो की आपको पूर्व में जमा करनी होगी। अधिक नियम एवं शर्तें जानने के लिए आप ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। नीलामी में सिर्फ ग्राम पंचायत गोसलपुर के निवासी ही भाग ले सकते है।

(सभी राशि को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा)

आदेशानुसार
श्रीमती गिरिजा जितेन्द्र पालीवाल
सरपंच

श्री सुखदेव पटेल
उप सरपंच

श्री प्रदीप यादव
सचिव

ग्राम पंचायत गोसलपुर

6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का लिया निर्णय

पीडब्ल्यूडी में 15 पदों पर प्रमोशन देने हुई डीपीसी मस्के, खांडे, वर्मा और बघेल का प्रमोशन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग में अधीक्षण यंत्री से चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन देने हुई सीएस की अध्यक्षता में डीपीसी में 6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का निर्णय लिया गया। जबकि अन्य 15 अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई। जिनके नाम अटक गए हैं, उनमें अधीक्षण यंत्री संजय मस्के, संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल तथा एसएल सूर्यवंशी का नाम शामिल हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई पीडब्ल्यूडी विभाग की विभागीय प्रमोशन समिति (डीपीसी) की बैठक में विभागीय जांच के चलते 6 अधीक्षण यंत्रियों के नामों पर सहमति नहीं बनी



फाइल फोटो।

है। इनके विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद करने का निर्णय लिया गया। इनमें सबसे पावरफुल अधिकारी संजय मस्के, एसएल सूर्यवंशी के अलावा संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल का नाम है।

इनमें से ईएनसी भी बनेंगे अधिकारी

वर्तमान में ईएनसी के पद पर अधीक्षण यंत्रियों को प्रभारी ईएनसी बना रखा है, इनमें आरएल वर्मा, शालिगराम बघेल, केपीएस राणा का नाम है, जबकि योजना आयोग में सलाहकार के पद पर भी अधीक्षण यंत्री एसएल सूर्यवंशी, सचिव के पद पर अधीक्षण यंत्री एआर सिंह को उपसचिव बना रखा है। वैसे विभाग में ईएनसी के 5 पद स्वीकृत हैं। अब चीफ इंजीनियर के प्रमोशन आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के पदों पर डीपीसी की जाएगी, इसके लिए जीएडी को नियमों को शिथिल करना होगा, उसके बाद ही डीपीसी हो सकेगी। इस डीपीसी के आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के छह पद के लिए फिर से बैठक के बाद निर्णय होगा।

विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली

वैसे विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली है। लेकिन जिन 15 पदों के लिए डीपीसी में अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई है, उनमें पीआईयू के संचालक शालिगराम बघेल, आरडीसी में प्रभारी ईएनसी केपीएस राणा, मंत्रालय में पदस्थ उप सचिव एआर सिंह, प्रभारी ईएनसी रामलाल वर्मा, व्हीके आरख, योगेंद्र सिंह बागोल, ब्रिज सीई गोपाल सिंह, राजधानी परिक्षेत्र के सीई एससी वर्मा, सुरेंद्र राव गोरखडे, आनंद प्रकाश राणे, बीपी बोरासी, राजेश कागरा, भगवान सिंह मीणा, चंद्रपाल सिंह तथा केशव सिंह यादव का नाम शामिल हैं। वर्ष 2025 की ग्रेडेशन सूची में 24 अधीक्षण यंत्रियों में से रूप सिंह भील, छक्कन सिंह खरत तथा गणेश प्रसाद वर्मा रिटायर्ड हो चुके हैं। डीपीसी में प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस मामले में प्रमोशन आदेश सीएस की सहमति के बाद जारी होंगे।

बैठक सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

जनसंवाद-जनभागीदारी ही सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को बैतूल में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत पांच क्लस्टरों सोहागपुर, बारहवीं, गोराखार, बाघोली एवं बैतूल बाजार की बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने 42 लाख की लागत से बने तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण कर बैतूल बाजार में आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि जनसंवाद और जनभागीदारी ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला है।

जनसंवाद से विकास को नई दिशा मिल रही है। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी जरूरी है। विकास केवल सड़क, नाली और भवन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य नागरिकों के जीवन को सुविधाजनक और बेहतर बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों और नगरीय क्षेत्रों में शहरवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।



पांच क्लस्टरों में 33 गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद

खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत सोहागपुर क्लस्टर में जैतापुर, आरुल, बुंडाला, बंजारढाना, जुनावानी, नाहिया, साईंखंडारा, खापा, मिलानपुर और रोंधा सहित गांवों के ग्रामीणों से संवाद किया। बारहवीं क्लस्टर में बारहवीं, गुढ़ी, अर्जुनवाड़ी, रेढ़वा, घोघरी, डोडरामोहाड़, जावरा, थावड़ी, सुनारखापा और नागझिरी क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। इसके अतिरिक्त अन्य ग्रामीणों से संवाद किया। इसके साथ ही 42 लाख रुपए की लागत से सोहागपुर, गोराखार और बाघोली में निर्मित तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण भी किया।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण के निर्देश

खण्डेलवाल ने पांचों क्लस्टर बैठकों में ग्रामीणों की सड़क, नाली, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, सिंचाई सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों के सुझावों पर सकारात्मक विचार कर कार्यरूप में परिणित करने का आश्वासन दिया।

मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए दिया आश्वासन

निवेशकों को इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग करेगी मध्यप्रदेश सरकार: सीएम डॉ. यादव

प्रमुख औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने की निवेश प्रस्तावों पर चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, विकसित हो रही अधोसंरचना और कुशल कार्यबल उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को भूमि, बिजली, पानी, सड़क, ऊर्जा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने उद्योग जगत को मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। डॉ यादव ने मुंबई में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर संवाद' कार्यक्रम अंतर्गत आरपीजी, वेलस्पन, आईनॉक्स, भिलोसा, इप्का और सन फार्मा के प्रमुखों से वन-टू-वन चर्चा की। बैठकों में विभिन्न क्षेत्रों की निवेश योजनाओं, संभावित स्थलों, परियोजनाओं के क्रियान्वयन, औद्योगिक सुविधाओं और आवश्यक प्रोत्साहनों पर विचार-विमर्श हुआ।



मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों से चर्चारत मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

आरपीजी समूह ने ट्रांसमिशन, टायर में दर्शाई रुचि

मुख्यमंत्री डॉ यादव से आरपीजी समूह के अध्यक्ष हर्ष गोयनका की मुलाकात में विद्युत पारेषण, टायर निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। गोयनका ने जबलपुर में विद्युत पारेषण क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। टायर निर्माण इकाई के लिए रतलाम, सागर और जबलपुर संभावित स्थलों के रूप में चर्चा में आए। उज्जैन के आईटी बिल्ट-अप पार्क की प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के उपयोग तथा संभावित निवेश स्थलों का दौरा कर व्यावसायिक संभावनाओं का आंकलन करने पर भी संवाद हुआ। समूह की प्रमुख कंपनियों में केईसी इंटरनेशनल, सिएट और जेनसार टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।

वेलस्पन समूह टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क में संभावनाएं तलाशेगा

वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप गर्ग से चर्चा में पाइप निर्माण, टेक्निकल टेक्सटाइल और अधोसंरचनात्मक क्षेत्र की निवेश योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। समूह ने मिल की भूमि पर टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क विकसित करने में निवेश तथा प्रस्तावित पार्क में एंकर यूनिट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। बैठक में वेलस्पन कॉर्प के एमएस लाइन पाइप क्षेत्र में 150 करोड़ रूपए के निवेश और सिंटेक्स के 700 करोड़ रूपए के प्रगतिरत निवेश पर भी चर्चा हुई।

7,500 करोड़ के निवेश की प्रस्तुत की योजना

प्रबंध निदेशक भिलोसा इंडस्ट्रीज संदीप जैन ने पीएम मित्र पार्क, धार को केंद्र में रखते हुए मध्यप्रदेश में चरणबद्ध रूप से कुल 7,500 करोड़ के निवेश और करीब 3,750 रोजगार के अवसरों की योजना प्रस्तुत की। कंपनी ने प्रारंभिक रूप से लगभग 2,500 करोड़ रूपए के पूंजीगत निवेश से कार्य शुरू करने तथा समग्र निवेश को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाने की जानकारी दी। धार–इंदौर क्षेत्र में पॉलिस्टर यार्न, फायबर, निटेड फैब्रिक और मैन-मेड फायबर आधारित नॉन-गारमेंट फैब्रिक के एकीकृत विनिर्माण तथा सूक्ष्म एवं लघु सहायक इकाइयों के विकास की संभावनाओं पर भी संवाद हुआ।

सेमीकंडक्टर - ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र का प्रस्ताव

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन से औद्योगिक गैस एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई। कंपनी के प्रस्ताव के अनुसार मध्यप्रदेश में 1,260 करोड़ रूपए के निवेश से देश का पहला अति-उच्च शुद्धता वाला सेमीकंडक्टर-ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र स्थापित करने की योजना है। अप्रैल 2029 से उत्पादन प्रारंभ करना प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 350 करोड़ रूपये के आयात प्रतिस्थापन और 320 से अधिक स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

इप्का के 1,080 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

इप्का लैबोरेटरीज लिमिटेड प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी अजीत कुमार जैन से देवास और विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन में प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा हुई। कंपनी का देवास में लगभग 1,000 करोड़ रूपए और विक्रम उद्योगपुरी में लगभग 80 करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव है। दोनों परियोजनाओं से लगभग 1,500 रोजगार सृजन की संभावना है, जिनमें देवास से लगभग 1,000 और विक्रम उद्योगपुरी से लगभग 500 रोजगार शामिल हैं।

सन फार्मा की पीथमपुर परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सांघवी से पीथमपुर में लगभग 3,000 करोड़ रूपए की ग्रीनफील्ड परियोजना के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। परियोजना के अंतर्गत भारत, अमेरिका, यूरोप और अन्य बाजारों के लिए औषधि फॉर्मूलेशन की विनिर्माण सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे 1,750 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें लगभग 1,250 प्रत्यक्ष और 500 अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल हैं।

फर्जी साइबर पुलिस बनकर अपहरण, झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख मांगे

राजनांदगांव। राजनांदगांव में बीयर पिलाने के बहाने युवक को कार में बैठाकर सुनसान जगह ले जाने और फिर गांजा के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खुद को साइबर पुलिस का कर्मचारी बताकर युवक की कार में 20 किलो गांजा मिलने की झूठी बात कही थी। बसंतपुर पुलिस ने एक आरोपी नवीन साहू (27) को गिरफ्तार किया है। वहीं, मुख्य आरोपी विक्की पवार समेत तीन आरोपी फरार हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी विक्की पवार ने युवक को फोन कर बीयर लेकर भदौरिया चौक बुलाया था। युवक के वहां पहुंचने पर विक्की अपने साथी नवीन साहू के साथ काले रंग की फॉर्च्यूनर कार में आया। दोनों युवक को कार में बैठाकर अमोरा तालाब से श्मशान घाट के पास एक सुनसान जगह ले गए। वहां सभी बीयर पी रहे थे। इसी दौरान विक्की कुछ देर के लिए वहां से चला गया। बाइक से दो युवक पहुंचे। दोनों ने खुद को साइबर पुलिस का कर्मचारी बताया। आरोपियों ने कार की तलाशी लेने का नाटक किया और कहा कि उसमें 20 किलो गांजा मिला है।

संगठन विस्तार की तैयारियां तेज

पटेल पन्ना, गुना टीकमगढ़ बिसेन देखेंगे रीवा, जबलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार की तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन प्रमुख और यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के निर्देशन पर राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल के मार्गदर्शन में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों का संगठन संयोजक बनाया गया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार आर. बी. सिंह पटेल को पन्ना, टीकमगढ़, ग्वालियर, गुना एवं विशेष भ्रमण के लिए बीना, राष्ट्रीय सचिव कालका सिंह निरंजन को छतरपुर एवं निवाड़ी, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह को सतना, वरिष्ठ नेता एवं राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम को महू (डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली) एवं धार, प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन को रीवा, जबलपुर एवं बालाघाट तथा राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ अखिलेश पटेल को दतिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन पदाधिकारियों को भी मिली जिलों की जिम्मेदारी

प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह को रायसेन एवं विदिशा; प्रदेश उपाध्यक्ष अमृतलाल पटेल को सिंगरौली, सीधी एवं शहडोल की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश गवांडे को अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी एवं मंदसौर तथा विशेष भ्रमण के लिए नीमच, जबकि प्रदेश महासचिव एस. आर. नागले को हरदा एवं नर्मदापुरम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महासचिव सीता शरण सिंह को मऊगंज एवं डिंडोरी, सुखेंद्र सिंह को मैहर एवं कटनी, राजेश कुमार पाल को उमरिया एवं अनूपपुर, विजय पटेल को नरसिंहपुर एवं सिवनी, रौशन पटेल को अशोक नगर एवं सागर का दायित्व दिया गया है। मनभरन कोल को छिंदवाड़ा, बृजभान सिंह को भोपाल ग्रामीण, नरेन्द्र सिंह को राजगढ़, भूपेन्द्र पटेल को दतिया की जिम्मेदारी दी गई है।

अक्टूबर में तैयार होगा जिलावार भ्रमण

पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी सम्मानित पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे अक्टूबर माह का अपना भ्रमण कार्यक्रम एवं शेड्यूल निर्धारित कर संबंधित जिलों का दौरा करें। भ्रमण के दौरान जिला अध्यक्षों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए जिला इकाई एवं विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सहयोग करने तथा जहां जिला अध्यक्ष नियुक्त नहीं हुए हैं, वहां संभावित नाम प्रदेश नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी का उद्देश्य इन संगठनात्मक दौरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, जिला स्तर पर संगठन की कमियों को दूर करना और आगामी समय में अपना दल (एस) के संगठन को मध्य प्रदेश में और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाना है।

धर्म परिवर्तन के दबाव में लगाई थी फांसी

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में धर्म परिवर्तन के दबाव से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी। मामला साल 2024 का है। लिनेश साहू (30) का शव घर में फंदे पर लटका मिला था। पहले उसने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा था कि वह पत्नी से परेशान है और ससुराल वाले उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। लिनेश ने यह भी आरोप लगाया था कि शादी से पहले उससे यह बात छिपाई गई थी कि उसकी पत्नी ईसाई धर्म की है।

मप्र ट्रैवल मार्ट से प्रदेश के आतिथ्य को मिलेगी वैश्विक पहचान: बर्णवाल

मुख्य सचिव बर्णवाल और केंद्रीय पर्यटन सचिव कुमार ने किया 'मप्र ट्रैवल मार्ट' में एग्जिबिशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय भुवनेश कुमार ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर मे 'मप्र ट्रैवल मार्ट 2026' (सप्तम संस्करण) के दूसरे दिन एग्जिबिशन का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का निरंतर विकास हो रहा है और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट में लगाई गई यह प्रदर्शनी टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों व होम-स्टे संचालकों जैसे स्टेकहोल्डर्स को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगी। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने एग्जिबिशन का अवलोकन कर इंटरैक्टिव डिजिटल डिस्प्ले और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डिजिटल पहल की भी जानकारी प्राप्त की।



पर्यटन ग्राम पंचवटी तैयार की गई

मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटकों को अनूठे ग्रामीण जीवन का अनुभव कराया जा रहा है। इस जीवंत प्रदर्शनी स्थल पर आगंतुकों के लिए होम-स्टे का अनुभव, स्टारगेजिंग, बैलगाड़ी की सवारी, साइकलिंग, जनजातीय लोक नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियाँ, तीर-कमान चलाने की कला, तथा विभिन्न हस्तकलाओं की प्रदर्शनी जैसी आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स हॉस्पिटेलियर्स से संवाद

मुख्य सचिव बर्णवाल ने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए देश-विदेश से आए ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और होमस्टे संचालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हितधारकों से उनके व्यावसायिक पैकेजेस, आगामी योजनाओं और मध्यप्रदेश में पर्यटन विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कटघोरा वन मंडल में ग्रामीणों में दहशत का माहौल

स्कूल के हॉस्टल में घुसा 52 हाथियों का झुंड, पसान रेंज में बाउंड्रीवॉल तोड़ी, बगीचा उजाड़ा और धान की फसल रौंदी

हाथियों के आते ही बच्चों में मची चीख-पुकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुवार देर रात पसान रेंज के तेलियामार गांव में करीब 52 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। गांव से लगे दीपक स्कूल (मिशन स्कूल) के छात्रावास परिसर में हाथियों के घुसने से वहां रह रहे करीब 160 बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बाउंड्रीवॉल तोड़कर परिसर में घुसे हाथियों ने बगीचे को तहस-नहस कर दिया।



बाउंड्रीवॉल तोड़कर हॉस्टल परिसर में घुसे हाथी

जानकारी के अनुसार, देर रात हाथियों का झुंड गांव के करीब पहुंचा। इसके बाद हाथियों ने स्कूल की बाउंड्रीवॉल तोड़ दी और छात्रावास परिसर में घुस गए। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर हॉस्टल में रहने वाले बच्चे डर गए। पूरी रात बच्चे दहशत में रहे। गांव में भी हाथियों की आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। अचानक झुंड के गांव के पास पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

गांव के पास स्थित किसान का मकान किया क्षतिग्रस्त

हाथियों के झुंड ने गांव के पास स्थित एक किसान के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा खेतों में तैयार धान की फसल को रौंद दिया। फसल बर्बाद होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। धान की फसल को बचाने के लिए शुक्रवार को ग्रामीण शोर मचाकर हाथियों को भगाने का प्रयास करते रहे।

तेलियामार और खोहरी के जंगल में 57 हाथी

वर्तमान में कटघोरा वन मंडल में कुल 57 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें से 52 हाथियों का झुंड पसान रेंज के तेलियामार और खोहरी के जंगलों में घूम रहा है। वहीं झुंड से अलग हुआ एक दंतैल हाथी बनिया रेंज में है, जबकि जटगा रेंज में तीन हाथियों की मौजूदगी बताई गई है। हाथी आमतौर पर झुंड में रहने के दौरान गांवों के किनारे कम आते हैं, लेकिन धान की फसल पकने के कारण वे खेतों की ओर पहुंच रहे हैं। शाम होते ही हाथी अलग-अलग दिशाओं में चले जाते हैं।

आसपास के 10 गांवों में मुनादी, निगरानी बढ़ाई

हाथियों की आवाजाही और संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। विभाग के अनुसार, आसपास के 10 गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। स्कूल परिसर में हाथियों के घुसने और फसल नुकसान की घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

सरकार से मांगा जवाब, 11 को एग्जाम

आरक्षण में गड़बड़ी: हाईकोर्ट की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस कृष्णराम महापात्र की डिवीजन बेंच ने भर्ती विज्ञापन में दिव्यांगों के आरक्षण में गड़बड़ी के आरोप पर यह आदेश दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था नहीं की गई। इससे वे भर्ती में शामिल होने के अवसर से वंचित हो गए। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बता दें कि कुल 2,292 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों को 2 संवर्गों में बांटा गया है। ई-संवर्ग में 795 पद हैं, जबकि टी-संवर्ग में 1,497 पद हैं। सहायक शिक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा 11 अक्टूबर को और शिक्षक पद के लिए परीक्षा 25 अक्टूबर को आयोजित होनी थी। अब हाईकोर्ट की रोक के बाद परीक्षा कार्यक्रम प्रभावित हुआ है।



क्या है पूरा मामला

दरअसल, राज्य सरकार ने शिक्षक और सहायक शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसकी शर्तों और दिव्यांगों के लिए आरक्षण के नियमों को चुनौती देते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

दृष्टिबाधितों को लाभ नहीं देने का आरोप

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट को बताया कि भर्ती विज्ञापन में दिव्यांगों के आरक्षण से जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया गया है। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग और समाज कल्याण विभाग के सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा कि पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई। इससे ऐसे अभ्यर्थियों के शिक्षक और सहायक शिक्षक बनने के अवसर प्रभावित हुए हैं।

खबर संक्षेप

मीवी 5जी स्मार्टफोन पेश, कीमत 11,999 रु.

नागपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी ब्रांड मीवी ने अपना पहला स्मार्टफोन मीवी वन 5जी पेश किया है। यह फोन फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज बिक्री के दौरान विशेष कीमत पर उपलब्ध होगा। इसके 4 जीबी रैम और 128 जीबी भंडारण वाले संस्करण की प्रभावी कीमत 11,999 रखी गई है। 6 जीबी रैम वाला संस्करण 13,499 और 8 जीबी रैम वाला संस्करण 14,999 रुपए में मिलेगा। फोन में 6000 एमएएच की बैटरी, 18 वॉट तेज़ चार्जिंग, 50 मेगापिक्सल का दोहरा कैमरा और 8 मेगापिक्सल का सामने वाला कैमरा मिलता है।

वैभव व्यापार का आईपीओ 13 को खुलेगा

मुंबई। वैभव व्यापार लिमिटेड का आईपीओ 13 अक्टूबर 2026 को खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी इस इश्यू के जरिए अधिकतम प्राइस बैंड पर 42.10 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। आईपीओ का प्राइस बैंड 51 से 54 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 5 रुपए अंकित मूल्य वाले कुल 77,96,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली 12 अक्टूबर को होगी। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग कंपनी अपने पूंजी आधार को मजबूत करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

भोपाल में पापड़मलजी एग्रो फूड्स का विस्तार

भोपाल। बीकानेर स्थित पापड़मलजी एग्रो फूड्स लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में कारोबार विस्तार की तैयारी तेज कर दी है। कंपनी ने भोपाल में नए वितरक की नियुक्ति की घोषणा की है। इसके पहले चरण में प्रदेश के करीब 50 आधुनिक खुदरा स्टोर तक अपने उत्पाद पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के प्रमोटर एवं प्रबंध निदेशक जय अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में विस्तार से आधुनिक खुदरा बाजार में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

रविता इंजीनियरिंग का आईपीओ 13 को

मुंबई। रविता इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 13 अक्टूबर 2026 को खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी इस इश्यू के जरिए अपर प्राइस बैंड पर 116.05 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखती है। आईपीओ का प्राइस बैंड 105 से 112 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसमें 5 रुपए अंकित मूल्य वाले कुल 1,03,62,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली 12 अक्टूबर को होगी। लॉट साइज 1,200 शेयर है, जबकि न्यूनतम बोली 2,400 शेयरों के लिए लगानी होगी।

सोयाबीन तेल 153 रुपए और पाम ऑयल 151 रुपए किलो

2023 के बाद पहली बार सोयाबीन तेल से नीचे आया पाम ऑयल का भाव, ग्राहकों को मिलेगी अब और राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेल बाजार में वर्ष 2023 के बाद पहली बार पाम ऑयल का भाव सोयाबीन तेल से नीचे आ गया है। भोपाल के हनुमानगंज और जुमेराती स्थित थोक जिंस बाजार में सोयाबीन तेल 153 रुपए किलो, जबकि पाम ऑयल 151 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है। दोनों तेलों की कीमत में दो रुपए प्रति किलो का अंतर आ गया है। कारोबारियों के अनुसार, बाजार में फिलहाल खाद्य तेलों की कीमतों में नरमी का रुख बना हुआ है।

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 से सितंबर 2026 तक पाम ऑयल का भाव सोयाबीन तेल की तुलना में ऊंचा बना हुआ था। अब कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार की ओर से आयात शुल्क में कटौती के बाद खाद्य तेलों की लागत पर असर पड़ा है, जिससे बाजार में कीमतों के समीकरण बदले हैं। स्थानीय थोक बाजार में मूंगफली तेल 200 रुपए किलो, सरसों तेल 185 से 190 रुपए किलो और वनस्पति 160 से 165 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि खाद्य तेलों के बाजार में फिलहाल मंदी का रुख है। आगे कीमतों की दिशा मांग, आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय बाजार की चाल पर निर्भर करेगी।

मूंगफली तेल 200 रुपए सरसों तेल 185 से 190 रुपए किलो

बाजार की दिशा पाम ऑयल और सोया तेल की कीमतों पर होगी तय

आयात शुल्क में कटौती का असर



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सितंबर में कच्चे और रिफाइंड सोयाबीन तेल, पाम ऑयल तथा सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क घटाया था। कच्चे पाम ऑयल और कच्चे सोयाबीन तेल पर शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया, जबकि रिफाइंड पाम ऑयल और रिफाइंड सोयाबीन तेल पर इसे 32.5 प्रतिशत से घटाकर 27.5 प्रतिशत कर दिया गया। आयात शुल्क में इस कटौती से विदेशों से आने वाले खाद्य तेलों की लागत प्रभावित होती है। हालांकि, घरेलू बाजार में कीमतें अंतरराष्ट्रीय दरों, रुपये की विनिमय दर, परिवहन लागत और मांग-आपूर्ति जैसे कारकों पर भी निर्भर करती हैं।

मूल्य परिवर्तन पर नजर रखना जरूरी

विशेषज्ञों के अनुसार, केवल थोक कीमतों में गिरावट के आधार पर खुदरा तेलों के सस्ता होने का निश्चित अनुमान लगाना उचित नहीं होगा। बाजार में मूल्य परिवर्तन पर नजर रखना जरूरी है। बाजार की दिशा तय करने में अंतरराष्ट्रीय पाम ऑयल और सोयाबीन तेल की कीमतें, प्रमुख उत्पादक देशों की आपूर्ति, आयात की मात्रा, रुपये-डॉलर विनिमय दर और घरेलू मांग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

सीआईआई कार निवेश, औद्योगिक विकास, तकनीक और रोजगार सृजन पर जोर

भारत की अगली विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाने को 'मप्र' तैयार: आडवाणी

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, बेहतर होते बुनियादी ढांचे, विविध अर्थव्यवस्था और निवेश अनुकूल माहौल के दम पर देश के प्रमुख विकास केंद्रों में उभर रहा है। यह बात सीआईआई वेस्टर्न रीजन के चेयरमैन वीर एस. आडवाणी ने इंदौर में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से आयोजित मीडिया राउंडटेबल में कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग और टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। आडवाणी ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योग, सरकार और संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक बदलाव को गति देने में मदद मिलेगी।

कुशल प्रतिभाओं को तैयार करना आवश्यक



डॉ. अल्पा अंतानी, रीजनल डायरेक्टर, सीआईआई वीरएस आडवाणी, चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन, मिलन के नाग, डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई वेस्टर्न रीजन और सिद्धार्थ चतुर्वेदी, चेयरमैन, सीआईआई मध्य प्रदेश।

सीआईआई वेस्टर्न रीजन के डिप्टी चेयरमैन मिलन के. नाग ने कहा कि औद्योगिक विकास को मजबूत बनाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करना, आधुनिक तकनीक अपनाना और कुशल प्रतिभाओं को तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इंडस्ट्री 4.0 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ने पर जोर दिया।

उद्योग आधारित विकास को बढ़ावा

सीआईआई मध्य प्रदेश के चेयरमैन सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन राज्य में निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, कौशल प्रशिक्षण, नीतिगत सहयोग और उद्योग-अकादमिक संस्थानों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है। इन पहलों का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना और समावेशी विकास को गति देना है। सीआईआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विनिर्माण, कृषि, लॉजिस्टिक्स, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में भी योगदान दे रहे हैं। विदिशा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से कृषि उत्पादकता और ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सीआईआई ने मध्य प्रदेश को प्रतिस्पर्धी, नवाचार आधारित और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक केंद्र बनाने में सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

जानकारी देने के लिए रोजाना मुनादी कराने के निर्देश दिए

भावांतर योजना : 14 अक्टूबर तक मंडियों में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का अल्टीमेटम



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खरीफ सीजन 2026 में सोयाबीन की भावांतर योजना के संचालन और मंडियों में संभावित बंपर आवक को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने सोयाबीन भावांतर योजना को लेकर मंडियों के लिए समय-सीमा तय कर दी है। किसान भवन भोपाल से अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना ने के आदेश क्रमांक 322/2026/ एसएएमबी के तहत सभी संयुक्त संचालकों, आंचलिक कार्यालयों और मंडी सचिवों को आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। मंडीवार रिपोर्ट 15 अक्टूबर तक मुख्यालय भेजी जानी है।

15 अक्टूबर तक भेजनी है मुख्यालय मंडीवार रिपोर्ट

बोर्ड ने मंडियों में किसानों को योजना की जानकारी देने के लिए रोजाना मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। किसानों को मंडी में सोयाबीन बिक्री के समय आधार नंबर, पंजीयन क्रमांक और संबंधित रसीद साथ लाने के लिए जागरूक किया जाएगा। योजना के तहत भुगतान केवल ऑनलाइन बैंक खाते में किया जाएगा, नकद भुगतान का प्रावधान नहीं रहेगा।

भावांतर योजना का लाभ मंडी या उपमंडी प्रांगण में सोयाबीन की बिक्री करने पर ही मिलेगा। एमपी फार्मेट एप के माध्यम से बिक्री करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं, किसान स्वयं अथवा उसके खून के रिश्तेदार द्वारा सरकारी पहचान पत्र के साथ बिक्री किए जाने की व्यवस्था रहेगी। राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि मंडियां सीधे मुख्यालय को रिपोर्ट नहीं भेजेंगी। मंडी स्तर की जानकारी संबंधित आंचलिक कार्यालय को दी जाएगी। इसके बाद आंचलिक कार्यालय अपने संभाग की सभी मंडियों की रिपोर्ट संकलित कर मुख्यालय भोपाल को भेजेगा। मंडी सीजन शुरू होने से पहले व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने और भावांतर योजना के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। 14 अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों का सत्यापन पूरा करना होगा। उपमंडी प्रांगणों में भी योजना के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड ने कहा है कि मंडियां अपनी तैयारियों की जानकारी संबंधित आंचलिक कार्यालय को उपलब्ध कराएंगी।

सिस्टेक में भोपाल के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्लाउड कंप्यूटिंग उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग महाविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने जार्थी के साथ साझेदारी में भोपाल के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्लाउड कंप्यूटिंग उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र सिस्टेक के गांधीनगर और रातीबड़ परिसर में स्थापित किया गया है। केंद्र का उद्घाटन जार्थी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदित्य गर्ग ने अपनी नेतृत्व टीम के साथ किया। इस अवसर पर सिस्टेक की समूह निदेशक डॉ. ज्योति देशमुख, प्राचार्य डॉ. मनीष बिल्लोरे, डॉ. अभिषेक चौबे, समूह प्रमुख प्राची श्रीवास्तव सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

शुभारंभ के बाद सिस्टेक और जार्थी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग का प्रत्यक्ष अनुभव, व्यावहारिक प्रशिक्षण, कार्य-अनुभव और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के वास्तविक उपयोग, समस्या समाधान और नवाचार को समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सागर समूह के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि उद्योग जगत को ऐसे कुशल तकनीकी विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जो नई तकनीकों के विकास में प्रभावी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सिस्टेक का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है।

किफायती आवास का पैमाना सिर्फ फ्लैट का आकार नहीं ईएमआई से लेकर रखरखाव और आवागमन तक का हो पूरा हिसाब

क्रेडाई भोपाल ने पहली बार घर खरीदने वालों को लक्षित राहत देने की मांग की

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रेपो दर में बढ़ोतरी के बाद घर खरीदने वालों की जेब पर बढ़ते दबाव के बीच क्रेडाई भोपाल ने पहली बार घर खरीदने वालों और किफायती आवास के लिए लक्षित पंजीयन राहत देने का सुझाव दिया है। संगठन का कहना है कि 2047 के भोपाल में किफायती घर की पहचान केवल फ्लैट के आकार या एफएआर से नहीं, बल्कि परिवार की कुल मासिक लागत से तय होनी चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बीते दिनों रेपो दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर



दिया। फरवरी 2023 के बाद यह पहली बढ़ोतरी है। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक के अनुसार, फ्लोटिंग ब्याज दर वाले गृह ऋण की दर बढ़ने पर ईएमआई बढ़ सकती है या ऋण की अवधि लंबी हो सकती है। हालांकि इसका असर बैंक, ऋण के बेंचमार्क और ब्याज दर में बदलाव की तारीख पर निर्भर करेगा।

एफएआर नहीं, पूरी जेब का हिसाब

मीक ने आवास की किफायत को ईएमआई, शुरुआती भुगतान, पंजीयन शुल्क, रखरखाव और रोजाना आवागमन की संयुक्त लागत से आंकने की जरूरत बताई गई है। उनका कहना है कि घर तभी किफायती है, जब परिवार उसकी पूरी मासिक लागत लंबे समय तक उठा सके। भोपाल विकास योजना-2047 के प्रारूप के खंड 15.35-15.36 में 60 वर्गमीटर तक कारपेट क्षेत्र वाली पात्र किफायती आवास इकाइयों के लिए एफएआर प्रोत्साहन और किराया आवास के लिए 0.50 अतिरिक्त एफएआर का प्रस्ताव है। मीक ने कहा कि महंगाई नियंत्रण जरूरी है, लेकिन घर खरीदारों की भुगतान क्षमता भी सुरक्षित रहनी चाहिए। किफायत केवल फ्लैट के आकार से नहीं, बल्कि किस्त, रखरखाव और आवागमन की कुल लागत से मापी जाए।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। बसों की कमजोरी वामदी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में एकाशित सभी एकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

भारत के समुद्री विकास में वैश्विक साझेदारी, युवा और महिलाएं होंगी अहम : सोनोवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'सागरमंथनः द ग्रेट ओशन्स डायलॉग 2026' के दूसरे दिन सऊदी अरब, बेल्जियम और भूटान के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों में भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश, हरित शिपिंग, बंदरगाह विकास और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। सऊदी अरब के बंदरगाह प्राधिकरण मवानी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में वधावन और गलाथिया खाड़ी बंदरगाह परियोजनाओं में निवेश, जहाज निर्माण, नाविक प्रशिक्षण और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर चर्चा हुई। सऊदी पक्ष ने भारतीय बंदरगाह परियोजनाओं और समुद्री विकास कोष में निवेश की रुचि जताई। बेल्जियम की मंत्री एनिक डी रिडर के साथ भारतीय बंदरगाहों और एंटवर्प-ब्रुग्स के बीच हरित शिपिंग कॉरिडोर विकसित करने की संभावनाओं पर विचार हुआ। बैठक में हरित ईंधन, स्मार्ट पोर्ट तकनीक और ड्रेजिंग पर भी चर्चा की गई। भूटान के मंत्री ल्योंपो चंद्र बहादुर गुरुंग के साथ बातचीत में राष्ट्रीय जलमार्ग-2 और जोगीघोपा टर्मिनल के जरिए भूटान की वैश्विक बाजारों तक पहुंच बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही, भूटानी युवाओं के लिए समुद्री प्रशिक्षण के अवसरों पर चर्चा हुई।

विशेषज्ञों ने आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के उपयोग पर दिया जोर

नई दिल्ली। दांतों और मसूड़ों की बेहतर देखभाल के लिए विशेषज्ञों ने नियमित ओरल हाइजीन अपनाने के साथ आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त डाबर रेड टूथपेस्ट के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी एवं प्रोफेसर इन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के अनुसार आयुर्वेदिक परंपरा से जुड़े तत्वों के कारण डाबर रेड टूथपेस्ट को पारंपरिक मौखिक देखभाल के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इस टूथपेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीकृति भी प्राप्त है। उन्होंने केवल टूथपेस्ट का चयन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित देखभाल और सही आदतें दांतों तथा मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

शब्द पहेली - 6373



बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. कूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 6372 का हल

	ज	हा	ल	त			नि	ड	र
क	प		श्च		आ	स	रा		मा	मा
ल			ही	र	क		ला			हि
प	रा	धी	न	ता		द		अ	सु	र
ना		र			लू	ट	मा	र		ई
	सा	ज						सा	या	
	व		फि	त	र	त		ह		मा
का	न	न		ल		न	क	ब	ज	न
फि			व		शा	य	र			हा
र	वा		च	म	न		त		श	नि
	द	म	न			रो	ब	दा	र	

सूडोकु नवताल - 6383

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

MANGAL SEHACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6382 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते है तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है।



विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।

अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

भारत में जन्मे न्यूजीलैंड के ओपनर जीत रावल ने छोड़ा बल्ला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



भारत में जन्में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जीत रावल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अहमदाबाद के विद्यानगर स्कूल में पार्थिव पटेल के सलामी जोड़ीदार रहे रावल किशोरावस्था में न्यूजीलैंड चले गए थे।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 24 टेस्ट मैच खेलने वाले 38 वर्षीय रावल ने नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट एसोसिएशन से कहा, 'मैंने पूरे सम्मान के साथ यह फैसला किया है। मुझे शांति और बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है।' उन्होंने कहा, 'मेरे बचपन का सपना निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना था। यह केवल मेरा सपना ही नहीं था बल्कि मेरे पिता का भी सपना था। हमें मौका दिखा और वह परिवार के साथ न्यूजीलैंड आ गए ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूं।' रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 24 टेस्ट मैच में 30.07 की औसत से 1143 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 50 अर्धशतकों की मदद से 10432 रन बनाए।

रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2016 में क्राइस्टचर्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में जनवरी 2020 में खेला था।

22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में 5 मैचों की टी20 सीरीज

न्यूजीलैंड को झटका, भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर चैपमैन और फाउल्क्स

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज चैपमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं। तेज



गेंदबाज फाउल्क्स के दाहिने कूल्हे में हाल ही में कैंटरबरी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई थी। चैपमैन ने अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह 32 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी कर सकता है लेकिन फाउल्क्स की वापसी की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है।

क्लार्कसन और टिकनर को मौका

ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने स्वीकार किया कि टी20 सीरीज से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम के लिए बड़ा झटका है। वॉल्टर ने कहा, "मार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमें खुशी है कि हम जोश और ब्लेयर की विशेषज्ञता का फायदा उठा सकते हैं। यह दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' टी20 सीरीज का आखिरी मैच एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

खबर संक्षेप



आज से सीनियर हॉकी चैंपियनशिप

झांसी। देश भर की 29 टीम शनिवार से शुरू होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। हॉकी इंडिया ने घोषणा की कि टूर्नामेंट का फाइनल 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। पंजाब इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीम को तीन डिवीजन में बांटा गया है, जिनमें डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी शामिल हैं। डिवीजन ए में 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें तीन-तीन टीमों के चार पूल में बांटा गया है। पूल ए में पंजाब, तमिलनाडु और बंगाल, जबकि पूल बी में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पुडुचेरी शामिल हैं। पूल सी में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और चंडीगढ़, जबकि पूल डी में मणिपुर, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। पूल चरण के बाद 18 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। सेमीफाइनल 19 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरे स्थान का मैच और फाइनल 21 अक्टूबर को होंगे। डिवीजन बी में दो पूल में 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

एसए20 नीलामी: 16.89 करोड़ में बिके के राउल्स



डरबन। दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग एसए20 के पांचवें सीजन की नीलामी में 18 साल के युवा क्रिकेटर जेसन राउल्स ने सबको चौंका दिया। महज एक टी-20 मैच का अनुभव रखने वाले इस खिलाड़ी पर फ्रेंचाइजी ने इतनी बड़ी बोली लगाई कि वह नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए एमआई केप टाउन और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आखिरकार जोबर्ग सुपर किंग्स ने बाजी मारते हुए राउल्स को करीब 16.89 करोड़ रुपए में खरीद लिया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि राउल्स अभी केवल 18 साल के हैं और अपनी पढ़ाई भी पूरी कर रहे हैं। इतने कम अनुभव के बावजूद उन पर लगी करोड़ों की बोली ने क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा है।

चाइना स्मैश: सेमीफाइनल में हारे मानव-मानुष



बीजिंग। मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून और ओह जुनसंग के हाथों सीधे गेम में हार गई। भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को केवल 20 मिनट में कोरियाई टीम से 8-11 6-11 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। मानुष मिश्रित युगल के सेमीफाइनल से भी आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उनकी और दीया चितले की जोड़ी को गुरुवार को चीनी ताइपे की लिन युन-जू और चेंग आई-चिंग की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

शंघाई मास्टर्स टेनिस : सीधे सेटों में जीते ज्वेरेव और बेन, तीसरे दौर में पहुंचे

जीत के साथ शेल्टन ने मनाया 24वां जन्मदिन



एजेंसी ▶▶| शंघाई

अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया। इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला, जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।



सकामोटो ने किया बड़ा उलटफेर रुबलेव को हराया

शंघाई मास्टर्स में एक बड़ा उलटफेर करते हुए जापानी क्वालीफायर रेई सकामोटो ने कोर्ट 3 पर दूसरे राउंड में पूर्व फाइनलिस्ट एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हरा दिया। वर्ल्ड नंबर 137 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर 23 को 1 घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों में हराया। सकामोटो ने मैच में रुबलेव की दो बार सर्विस तोड़ी और दोनों ब्रेक पॉइंट बचाकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई।

पहले गेम में तोड़ी रुबलेव की सर्विस

उन्होंने मैच के पहले गेम में रुबलेव की सर्विस तोड़कर मैच की शुरुआत की, फिर अपनी सभी सर्विस बचाकर पहला सेट 35 मिनट में अपने नाम कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी और स्कोर 4-4 से बराबर था, इससे पहले सकामोटो ने सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त बनाई, फिर अपनी सर्विस बचाकर 46 मिनट में दूसरा सेट जीतकर मैच जीत लिया। युवा जापानी खिलाड़ी अपनी सर्विस में भी बेहतर था, क्योंकि उसने अपनी पहली सर्विस पर 77 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 62 प्रतिशत पॉइंट जीते। रुबलेव ने अपनी पहली सर्विस पर 76 प्रतिशत पॉइंट जीते और अपनी दूसरी सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत पॉइंट जीते।

2023 के शंघाई ओपन में फाइनलिस्ट रहे रुबलेव

रुबलेव शंघाई में 2023 के फाइनलिस्ट रहे हैं। वह तीन साल पहले फाइनल में पहुंचे थे और टाइटल क्लैश में ह्यूबर्ट हुरकाज से हार गए थे। रुबलेव ने इस साल सिर्फ एक टूर-लेवल टाइटल जीता है। उन्होंने साल की शुरुआत में नॉर्डिया ओपन जीता था। कुल मिलाकर, उनके नाम 18 टूर-लेवल टाइटल हैं, लेकिन उन्होंने शंघाई मास्टर्स नहीं जीता है। वह 2024 में राउंड ऑफ 32 में पहुंचे थे।

रणजी ट्रॉफी

सौराष्ट्र टीम में शामिल जडेजा खेलेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाफ



एजेंसी ▶▶| राजकोट

ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा सौराष्ट्र के 2026-27 रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलेंगे जबकि दो बार की चैंपियन टीम के लिए जयदेव उनादकट कप्तानी बरकरार रखेंगे। बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की 2-1 से वनडे सीरीज जीत के बाद सौराष्ट्र की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलते हुए दो विकेट लिए। हालांकि, उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दो टेस्ट मैच (वेलिंगटन में 19 से 23 नवंबर, क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से एक दिसंबर) के दौरे से पहले जडेजा लाल गेंद से अभ्यास हासिल करना चाहेंगे।

11 अक्टूबर से शुरू होगा 92वां चरण

रणजी ट्रॉफी का 92वां चरण 11 अक्टूबर से शुरू होगा। सौराष्ट्र पिछले सत्र में शुरुआती चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इस बार टीम को एलीट ग्रुप-बी में आंध्र, असम, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, कर्नाटक, पंजाब और त्रिपुरा के साथ रखा गया है। जयदेव उनादकट टीम की कमान संभालेंगे, उन्होंने हाल में इंग्लैंड की काउंटी टीम ससेक्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सात मैचों में 22.21 की औसत से 28 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने हैम्पशर के खिलाफ 32 रन देकर 5 विकेट हासिल किए और दो बार एक पारी में 4 विकेट लेने का कारनामा भी किया। उनादकट और चेतन सकारिया सौराष्ट्र के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। सौराष्ट्र ने उनादकट की कप्तानी में 2019-20 और 2022-23 में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। टीम ने पिछले सत्र की अपनी टीम के 14 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है।

उपलब्धि

मेगन शट ने वनडे में पूरे किए 150 विकेट



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। शुक्रवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में शट ने वनडे क्रिकेट में 150 विकेट पूरे किए।

शट इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली सिर्फ तीसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। वह इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी (166 विकेट) और पूर्व तेज गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक (180 विकेट) के साथ शामिल हो गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में उतरते समय, 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने सीरीज की पहली ही गेंद पर फरगाना हक का विकेट लिया और फिर तीसरे ओवर में शर्मिन सुल्ताना का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

150 विकेट लेने वाली 12वीं खिलाड़ी शट

शट ने तीसरे ओवर में यह खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने शर्मिन सुल्ताना को फुल लेंथ की गेंद डाली, जो अंदर की तरफ स्विंग हुई। बल्लेबाज ने फ्लिक शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले को छूने के बजाय सीधे उनके पैड पर लगी। इसके बाद अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। शट इस फॉर्मेट में 150 विकेट लेने वाली कुल मिलाकर 12वीं खिलाड़ी हैं। इस लिस्ट में भारत की दिग्गज और पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी सबसे आगे हैं, जिनके नाम 255 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से फिट्जपैट्रिक 180 विकेट के साथ सबसे आगे हैं, जबकि पेरी 166 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

खेल मंत्री से मिले पैरा निशानेबाज



नई दिल्ली। आगामी आइची-नागोया पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेल प्रशासन में कथित खामियों को लेकर अपनी चिंताएं उनके सामने रखीं। तीन निशानेबाजों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और अपना आरोप दोहराया कि भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों के लिए चार ऐसे निशानेबाजों को शामिल करने के उद्देश्य से चयन के नियमों में ढील दी, जो निर्धारित मानदंडों पर खरे नहीं उतरते थे। एशिया में तीसरी रैंकिंग पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि महाद्वीपीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश पर तरजीह देते हुए चुन लिया गया।

आज से आईएसएसएफ विश्व कप कुसाले और सरबजोत लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह शनिवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल विश्व कप में 24 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम देहरादून में राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेने के बाद काहिरा पहुंची।

भारत आठ व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं और दो मिश्रित टीम स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में अनुभवी ओलंपियन के साथ उभरते हुए युवा निशानेबाज भी शामिल हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में



स्वप्निल कुसाले के साथ अखिल श्योराण और एड्रियन करमाकर भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ओलंपियन अर्जुन बबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम की अगुवाई करेंगे।

राइफल थ्री पोजिशंस टीम की अगुवाई करेंगी अंजुम : महिलाओं की राइफल स्पर्धाओं में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम का नेतृत्व करेंगी, जिसमें आयुषी पोद्दार और मानिनी कौशिक भी शामिल हैं। निशानेबाज आर्या राजेश बोर्से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ख्याति चौधरी और इस्मिता भोवाल के साथ हिस्सा लेंगी।

कैंसर से उबरने के बाद टेस्ट में मेडिनसन ने की 10 साल बाद वापसी

33 गेंद में जीरो, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर का अनचाहा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू हुआ। इसके साथ ही एक नई ओपनिंग जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ने उतारी। मगर नतीजा वही रहा, जो पिछले कुछ मैचों में रहा था, नाकामी।

10 साल फिर से टेस्ट मैच खेलने उतरे निक मेडिनसन 33 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके और मार्को यानसन के शिकार बन गए। गेंद उनके बल्ले से लगकर स्टंप्स बिखेर गई। यह 26 साल में किसी भी टेस्ट ओपनर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले साल 2000 में जिम्बाब्वे के ट्रेवर ग्रिपर वेस्ट इंडीज के सामने 36 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके थे। मेडिनसन ने 2016 में साउथ अफ्रीका के सामने ही टेस्ट डेब्यू किया था। तीन मैच खेलने के बाद वे बाहर कर दिए थे।



बिना रन बनाए सर्वाधिक गेंद खेलकर आउट होने वाले ओपनर

बल्लेबाज	गेंद	विरोधी टीम	मैदान	साल
डैरिन मरे (न्यूजीलैंड)	39	श्रीलंका	इयूनेडिन	1995
ट्रेवर ग्रिपर (जिम्बाब्वे)	36	वेस्टइंडीज	किंग्स्टन	2000
निक मेडिनसन (ऑस्ट्रेलिया)	33	दक्षिण अफ्रीका	डरबन	2026

18 महीने बाद खेला फर्स्ट क्लास क्रिकेट

मेडिनसन का 33 गेंद में जीरो पर आउट होना एक टेस्ट पारी में किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। रिकॉर्ड माइक व्हाइटनी के नाम है, जो 1981 में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंद में बिना खाता खोले आउट हुए थे। मेडिनसन 18 महीने बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेल रहे थे। इससे पहले वे इस फॉर्मेट में आखिरी बार मार्च 2025 में खेले थे। टेस्टिकुलर कैंसर के चलते उन्हें खेल से दूरी बनानी पड़ी। उन्होंने कैंसर से उबरने के लिए सर्जरी कराई और नौ सप्ताह तक कीमोथैरेपी ली।



चार माह में 45 बच्चों की मौत का कांग्रेस का दावा
प्रशासन ने 32 मौतें स्वीकार कीं; स्वास्थ्य सुविधाओं पर उठे सवाल

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा आदिवासी बच्चों की मौत का मामला, केंद्र और राज्यों को नोटिस

जबलपुर। बालाघाट जिले के बैहर-बिरसा क्षेत्र में बैगा आदिवासी बहुल गांवों में बच्चों की मौत का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बच्चों की मौत, कुपोषण और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची व न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र सरकार सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने मामले को गंभीर बताते हुए बच्चों की मौत पर चिंता जताई।



या चि का बालाघाट निवासी अजब लाल लिल्हारे ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि आदिवासी बहुल दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं, समय पर टीकाकरण, पौष्टिक आहार और बीमारी की समय रहते पहचान व उपचार की व्यवस्था में गंभीर कमियां हैं। याचिकाकर्ता ने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, बच्चों को सुरक्षित पेयजल और पोषण उपलब्ध कराने तथा मौतों के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की है। याचिका में मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में भी बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति का मुद्दा उठाया गया है।

45 मौतों के दावे और 32 की प्रशासनिक पुष्टि में अंतर

बालाघाट के बिरसा क्षेत्र के गांवों और मंझरे टोलों में बच्चों की मौतों को लेकर आंकड़ों में अंतर सामने आया है। कांग्रेस का दावा है कि करीब चार माह में 45 बच्चों की मौत हुई है, जबकि प्रशासन ने अब तक 32 मौतों को स्वीकार किया है। एक अक्टूबर को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रभावित गांव जगला का दौरा किया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कुछ बच्चों की मौत प्रशासनिक आंकड़ों में दर्ज नहीं की गई है। मौतों के कारणों, बीमारीवार विवरण और सभी मामलों की आधिकारिक पुष्टि के लिए विस्तृत जांच जरूरी है।

हाई कोर्ट में भी लंबित है मामला

बच्चों की मौत का मामला इससे पहले हाई कोर्ट भी पहुंच चुका है। अधिवक्ता अंशुल तिवारी की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा था। याचिका में बैगा समुदाय के बच्चों की मौत, संक्रामक बीमारियों और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद प्रभावित आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक जवाबदेही पर न्यायिक निगरानी का दायरा और व्यापक हुआ है।

49 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, प्रभावित क्षेत्र के 57 गांवों में 49,553 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। जांच के दौरान सर्दी-खांसी और बुखार के 6,320, मलेरिया के 1,101, दाने के साथ बुखार के 539 और चर्मरोग के 255 मरीज चिह्नित किए गए। वहीं, 40,835 बच्चों का टीकाकरण किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रशासन ने मृत बच्चों के 32 परिवारों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। हालांकि, इन प्रयासों के बीच प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने का सिलसिला जारी है। अब निगाहें केंद्र और राज्य सरकारों के जवाब तथा प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठाए जाने वाले ठोस कदमों पर रहेंगी।

संत राघवदेवाचार्य को धमकी और पुलिस की कार्रवाई में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर। हिंदू देवी-देवताओं के विरुद्ध कथित अपमानजनक टिप्पणियों और जगतगुरु सुखाचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य को धमकी देने के मामले में पुलिस की कार्रवाई में देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया

मदनमहल थाने में दर्ज अपराध की केस डायरी तलब, अगली सुनवाई पर प्रस्तुत करने के निर्देश

है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य शासन की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को अगली सुनवाई पर संपूर्ण केस डायरी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि 11 अप्रैल 2025 को इंटरनेट मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में कथित अपमानजनक पोस्ट किए जाने के बाद याचिकाकर्ता ने संत होने के नाते संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद उन्हें कथित रूप से जान से मारने और सिर धड़ से अलग करने की धमकियां दी गईं। आरोप है कि वाट्सएप और फेसबुक पर अपमानजनक पोस्ट भी प्रसारित की गईं। इस संबंध में मदनमहल थाने में 11 अप्रैल 2025 को अपराध दर्ज किया गया था। याचिकाकर्ता के अनुसार, मामले में करीब 20 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, लेकिन जमानत पर रिहा होने के बाद शेष आरोपियों के विरुद्ध न तो प्रभावी कार्रवाई की गई और न ही आरोपपत्र प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी याचिका में लगाया गया है।
याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि 28 सितंबर 2026 को याचिकाकर्ता के निवास पर हमले का प्रयास किया गया, जिसकी सूचना मदनमहल थाने में दर्ज कराई गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि लगातार शिकायतों और कार्रवाई की मांग के बावजूद अपेक्षित कदम नहीं उठाए जाने के कारण उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। हाई कोर्ट ने मामले में केस डायरी तलब कर अगली सुनवाई पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

श्रीधाम, महाकौशल और एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के यात्रियों की बढ़ी परेशानी, तीन हजार से अधिक यात्रियों की यात्रा प्रभावित

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन का असर जबलपुर से जाने वाली तीन ट्रेनें रद्द

हरिभूमि, जबलपुर।

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के चलते रेलवे ने बड़ा फैसला लेते हुए जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली तीन प्रमुख ट्रेनों को रद्द कर दिया है। नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात जाम और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए लिए गए इस फैसले का असर हजारों यात्रियों की यात्रा पर पड़ा है। 9 और 10 अक्टूबर को यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

रद्द की गई ट्रेनों में जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, महाकौशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एमपी संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों से दिल्ली जाने और आगे की यात्रा की योजना बना चुके यात्रियों को अब वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ सकती है। इस



निर्णय से तीन हजार से अधिक यात्रियों की यात्रा प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।

ये तीन ट्रेनें रहेंगी रद्द

रेलवे के फैसले के अनुसार, गाड़ी संख्या 22181 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित हुआ है।

यात्रियों से स्टेटस चेक करने की अपील

ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन का स्टेटस अवश्य जांच लें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

हाईकोर्ट का नर्मदापुरम एसपी और राज्य सरकार को नोटिस

इटारसी में उतारे गए गोवा के 18 प्रदर्शनकारियों को पेश करो या रिहा करो

जबलपुर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे गोवा के 18 यात्रियों को इटारसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारे जाने का मामला मप्र हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस अल्पेश कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ा रुख अपनाते हुए नर्मदापुरम एसपी को निर्देश दिया है कि हिरासत में लिए गए सभी प्रदर्शनकारियों को अदालत के समक्ष पेश किया जाए या उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।
मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की पीठ ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रकरण की अगली सुनवाई सोमवार, 12 अक्टूबर को नियत की गई है।
गोवा निवासी याचिकाकर्ता सार्दुल जितेंद्र बुआ की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि वह अपनी बहन और अन्य साथियों के साथ 10 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित सीजेपी के आंदोलन में हिस्सा लेने जा रहे थे। जब उनकी ट्रेन इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंची, तो जीआरपी ने उन्हें जबरन रोककर नीचे उतार लिया और बाद में नर्मदापुरम जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को अवगत कराया कि सभी 18 यात्रियों के पास यात्रा के वैध टिकट मौजूद थे। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें बिना किसी कानूनी आधार के हिरासत में ले लिया, जो कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सीधा उल्लंघन है। याचिका में पुलिस की इस कार्रवाई को पूरी तरह से अवैध और असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240